तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 24 अगस्त 2025



चांटापारा तिलकनगर में सड़क किनारे खड़ी कार पर गिरा जर्जर मकान का मलबा।



## खबर संक्षेप

### कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन आज

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का सप्तम प्रांतीय अधिवेशन आम सभा तथा शपथ एवं सम्मान समारोह का आयोजन 24 अगस्त रविवार को पंडित देवकीनंदन सभागृह लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण होगा। सुबह 11 बजे से प्रारंभ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जी आर चंद्रा करेंगे। विशिष्ट अतिथि मेयर पूजा विधानी, पीआर यादव, अवधेश शुक्ला, गजेंद्र श्रीवास्तव, विजय लहरे, आनंद यादव, टारजन गुप्ता, विनोद साहू होंगे। यह जानकारी किशोर शर्मा ने दी।

### नेत्रदान व नेत्र प्रत्यारोपण जागरूकता रैली कल

**बिलासपुर**। जुनेजा सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल सीएमडी चौक एवं स्व. मदन लाल जुनेजा मेमोरियल नेत्रार्थ सोसायटी द्वारा कॉर्निया नेत्र प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. सोनल जुनेजा के आव्हान पर 25 अगस्त सोमवार को नेत्रदान एवं नेत्र प्रत्यारोपण जागरुकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे रहेगी। इसका आयोजन सेंट्रल गुरुद्वारा गोंडपारा से विवेकानंद राष्ट्रीय बाल उद्यान तक किया गया है। सोनल जुनेजा ने जन मानस, शैक्षणिक संस्थाएं, गैर सरकारी संगठन, सरकारी विभाग, नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रैली को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

### अस्थाई पटाखा लाइसेंस के लिए आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर**। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कार्यालय के अनुसार दीपावली पर्व वर्ष 2025 के लिए अस्थाई पटाखा लायसेंस नवीन एवं नवीकरण आवेदन पत्र के लिए 25 अगस्त से 19 सितम्बर तक अवधि निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक अस्थाई पटाखा लायसेंस के नवीन एवं पूर्व से जारी लायसेंस के नवीकरण के आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तक जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र नहीं लिया जाएगा।

### अरपा में छलांग लगाने गई युवती, युवकों ने बचाया



**बिलासपुर**। शनिवार की रात अरपा पुल पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती पुल की दीवार पर खड़े होकर नदी में छलांग लगाने का प्रयास करने लगी। पास से गुजर रहे कुछ युवकों ने युवती को बातों उलझा कर चालाकी से नीचे उतार लिया और सरकंडा पुलिस को सूचना दी। वायरल वीडियो में युवती पुल की दीवार पर खड़े होकर नदी की ओर देखती नजर आती है, उसे उस स्थिति में देख कुछ युवक उसका नाम पूछने लगते हैं, फिर उसके मोबाइल नंबर की जानकारी लेने लगते हैं, युवक उक्त युवती को बातों में उलझाए रहते हैं, इस बीच पीछे से मौके पर पहुंचा एक युवक युवती को पकड़कर दीवार के नीचे उतार लेता है। जानकारी के अनुसार युवती को बचाने के बाद युवकों ने सरकंडा पुलिस को सूचना दे दी।

## सीयू में चल रही सहायक प्राध्यापक फारेंसिक साइंस की भर्ती पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सहायक प्राध्यापक फॉरेंसिक साइंस के पद हेतु जारी विज्ञापन पर रोक लगा दी है। साथ ही गुरुघासीदास विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और एग्जीक्यूटिव काउंसिल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिका के मुताबिक गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2019 में सहायक प्राध्यापक के पद हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। दुर्ग निवासी आई. अर्जुन राव और मौमिता सिंहा द्वारा सहायक प्राध्यापक फॉरेंसिक साइंस के पद पर चयन हेतु आवेदन जमा किया गया था। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद साक्षात्कार हेतु जारी लिस्ट में दोनों का नाम सरल क्रमांक 8 और 17 पर अंकित था। बाद में लेकिन अभ्यर्थी श्रीमती सुषमा उपाध्याय द्वारा हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल करने पर साक्षात्कार के रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी थी। उपरोक्त मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने श्रीमती सुषमा उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत रिट याचिका को निरस्त कर दिया था। इसके बाद भी गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सहायक प्राध्यापक फॉरेंसिक साइंस के पात्र उम्मीदवारों के इंटरव्यू के रिजल्ट जारी नहीं किए गए।




पुरानी भर्ती को निरस्त कर नए सिरे से की जा रही थी प्रक्रिया

### रजिस्ट्रार व एक्जिक्यूटिव काउंसिल को नोटिस

बाद में विश्वविद्यालय के एक्जिक्यूटिव काउंसिल द्वारा यह प्रस्ताव लाया गया कि इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करते हुए नए सिरे से विज्ञापन जारी किया जाए। प्रस्ताव में कहा गया कि उपरोक्त सहायक प्राध्यापक फॉरेंसिक साइंस के पद हेतु विज्ञापन वर्ष 2019 में जारी किया गया था और सिलेक्शन लिस्ट की वैद्यता 1 वर्ष की होती है किंतु विज्ञापन प्रकाशित हुए 6 वर्ष बीत चुके हैं, इसलिए नए सिरे से प्रक्रिया करनी होगी। 22 मई 2025 को नया विज्ञापन भी जारी कर दिया गया। इसके खिलाफ आई. अर्जुन राव और मौमिता सिन्हा द्वारा अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी। मामले की सुनवाई जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल के कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सहायक प्राध्यापक फॉरेंसिक साइंस के पद हेतु जारी विज्ञापन पर रोक लगा दी है। साथ ही गुरुघासीदास विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और एग्जीक्यूटिव काउंसिल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## प्रिंसिपल पोस्टिंग विवाद, डीपीआई को काउंसलिंग के लिए हाईकोर्ट से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रिंसिपल पोस्टिंग विवाद के मामले में लोक शिक्षण संचालनालय को प्रारंभिक तौर पर राहत मिली है। दरअसल टी संवर्ग के 1335 पदों पर प्रिंसिपल की पोस्टिंग होनी है। इसके लिए डीपीआई ने काउंसलिंग के लिए तिथि तय कर दी है। इसमें नियमों का पालन नहीं करने को लेकर 11 शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने एक सप्ताह बाद सुनवाई करने की व्यवस्था दी है। इसके बाद काउंसलिंग को लेकर फिलहाल कानूनी अड़चन दूर हो गई है। काउंसलिंग के बाद प्राचार्यों की पोस्टिंग आदेश भी जारी कर दिया जाएगा।



■ हाईकोर्ट ने एक सप्ताह बाद सुनवाई करने की व्यवस्था दी है

काउंसलिंग के लिए डीपीआई द्वारा बनाए गए मापदंड को चुनौती देते हुए संजय बडेरा सहित 11 लेक्चरर्स ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता शिक्षकों ने पोस्टिंग के लिए समान मापदंड व नियम की मांग करते हुए सभी 1355 शिक्षकों को काउसंलिंग में बुलाने की मांग की है। डीपीआई पर भेदभाव करने व दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप भी याचिका में लगाया गया है। एक ही पद पर पोस्टिंग के लिए दोहरा मापदंड अपनाने की बात भी याचिका में है।

### नियमों का पालन नहीं करने का आरोप

याचिका में कहा गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग में टी-संवर्ग के प्राचार्य पद पर 30 अप्रैल 2025 को 1335 व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी.,प्रधान पाठक का प्रमोशन किया गया है। प्रावधान है कि सभी 1335 पदों पर पदस्थापना कांउसिलिंग के माध्यम से की जाएगी। इसके बाद भी पालन नहीं हो रहा है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा लेकिन 14 अगस्त 2025 को सूचना जारी की गई जिसमें केवल 845 पदों पर पदस्थापना हेतु कांउसलिंग किया जाना बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान में 1366 पद रिक्त है एवं 1335 पद हेतु प्रमोशन आदेश जारी किया गया है। इस स्थिति में 491 पदोन्नत प्राचार्यों का कांउसलिंग से पोस्टिंग नहीं हो रही है।

## 19 सिविल सीनियर जज बने एडिशनल सेशन जज

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारियों के प्रमोशन और ट्रांसफर का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत 19 सिविल सीनियर जजों को एडिशनल सेशन जज बनाया गया है, वहीं 27 सीनियर सिविल जजों का तबादला किया गया है। इसके अलावा उच्च न्यायिक सेवा के अन्य अफसरों के तबादले का आदेश भी जारी हुआ है। ध्यान रहे कि राज्य शासन ने 12 अगस्त को 19 सीनियर सिविल जजों के प्रमोशन का आदेश जारी किया था। प्रमोशन और नियुक्ति के साथ ही हाईकोर्ट से उनकी पोस्टिंग आदेश जारी करने की अनुशंसा की गई थी, जिस पर शुक्रवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मंसूर अहमद ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार रायपुर में राज्य उपभोक्ता फोरम में पदस्थ संयुक्त रजिस्ट्रार मोना चौहान को बिलासपुर में एडिशनल सेशन जज बनाया गया है।

■ 27 जजों का तबादला आदेश भी जारी

## फिलहाल करोड़ों के खेल सामान धूल खा रहे इनडोर मैदान, जिम बंद

# 10 महीने से बंद पड़ा 15 करोड़ का स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स अब होगा खिलाड़ियों के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंगेली नाका स्थित संजय तरण पुष्कर परिसर में 14.60 करोड़ की लागत से बना अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स उद्घाटन और लोकार्पण के 10 महीने बाद भी खिलाड़ियों के किसी काम नहीं आ पा रहा है। 23 नवंबर 2024 को उद्घाटन के बाद से यह बंद पड़ा है और यहां खेल गतिविधियां शुरू नहीं हो पाई हैं। यहां रखे लाखों रुपए के उपकरण और खेल सामग्री धूल खा रही हैं। बिना उपयोग के यह महंगे सामान धीरे-धीरे खराब हो रहे हैं। करीब साल भर बाद भी इनडोर मैदान, जिम और स्विमिंग पुल जैसे महत्वपूर्ण विभाग बंद पड़े हैं। बैडमिंटन, टेबल टेनिस के सामान तो डिब्बों में ही पैक हैं। अब लेकिन ट्रांसफार्मर लग गया है तो इसकी चार्जिंग भी की जा रही है। इसके साथ ही जिम संचालन का टेंडर भी फाइनल कर दिया गया है। अगले कुछ दिनों में यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खिलाड़ियों के हवाले हो जाएगा और खेल गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल गतिविधियां शुरू नहीं होने की शिकायत के बाद पिछले दिनों कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम आयुक्त अमित कुमार ने निरीक्षण किया था। कलेक्टर ने जल्द से जल्द स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। अब कहा जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में यहां खिलाड़ी खेल सकेंगे। ज्ञात हो कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने संजय तरण पुष्कर के एक हिस्से में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण के लिए श्रद्धा कंस्ट्रक्शन को इस काम का ठेका दिया था। काम शुरू करने से लेकर अंत तक ठेकेदार ने संजय तरण पुष्कर के उद्यान में कबाड़ भरकर उद्यान को उजाड़ भी कर दिया था। उस दौरान उद्यान के 15 से अधिक पेड़ों को काट डाला गया था कि 40 साल से अधिक पुराने थे। इसका विरोध भी जमकर हुआ था।

■ आनन फानन में करा दिया उद्घाटन, 10 महीने बाद भी नहीं शुरू हुई खेल गतिविधियां

■ थ्री-फेज बिजली कनेक्शन मिलने के बाद ट्रांसफार्मर भी लगा, लेकिन चार्जिंग में मुश्किल

### गुजरात से आया है बैडमिंटन कोर्ट का डोम

इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की दूसरी मंजिल पर दो इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए। इस कोर्ट में टिन का एक शेड लगाया गया है जिसे डोम कहा जाता है। इस डोम को चढ़ाने के लिए 150 टन का भारी क्रेन मंगाया गया तब जाकर इसे फिट किया जा सका। डोम की कीमत भी करीब 25 लाख है जो कि गुजरात से मंगाया गया है। इतना मंहगा सामान होने के बाद भी खिलाड़ी खेल नहीं पा रहे हैं।

### टेंडर फाइनल कर दिया गया

थ्री फेस लाइन के साथ ट्रांसफार्मर लग गया है तो इसकी चार्जिंग भी की जा रही है। इसके साथ ही जिम संचालन का टेंडर भी फाइनल कर दिया गया है। अगले कुछ दिनों में यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खिलाड़ियों के हवाले हो जाएगा और खेल गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।

\- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

### पूरी तरह क्लब की तर्ज पर बना है काम्प्लेक्स

खिलाड़ियों के लिए बने इस स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स को पूरी तरह क्लब की तर्ज पर बनाया गया है। तीन मंजिला इस कांप्लेक्स में बेसमेंट में पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट के साथ बार भी संचालित किया जाएगा। प्रथम तल में खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन, स्क्वैश और टेबल टेनिस कोर्ट बनाया गया है। द्वितीय तल में इंडोर गेम्स का संचालन होगा। काम्प्लेक्स के तीसरे माले में एक सर्व सुविधायुक्त जिम बनाया गया है जहां शहरवासी एक्सरसाइज और अन्य फिजिकल वर्क कर सकेंगे। बेसमेंट में पार्किंग के साथ योगा सेंटर, जिम्नेशियम, कैंटिन व स्टोर रूम रहेगा। इसके साथ ही अतिरिक्त रूम, हॉल, महिला-पुरुष टॉयलेट, दोनों छोर पर सीढ़ियां, बीच में इंट्री लॉबी और प्रवेश-निकासी द्वार भी है। इंट्रेंस लॉबी के साथ 200 से अधिक दर्शक क्षमता वाला सिटिंग स्टेप, कॉरिडोर,एक मल्टी पर्पज हॉल, एक कॉरिडोर व दोनों तरफ टॉयलेट ब्लॉक की सुविधा भी होगी।



**बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही :** दूसरी ओर कॉम्प्लेक्स में अब जाकर थ्री-फेज बिजली कनेक्शन मिल सका है, जिससे बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित नहीं होने की बात कही जा रही है। दरअसल यहां पहले से केवल एलटी लाइन उपलब्ध थी, जो अधिक लोड सहन नहीं कर पा रही। इस कारण स्विमिंग पुल समेत अन्य सुविधाएं चालू नहीं हो पाई हैं। इस बारे में स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहा है कि थ्री फेज लाइन लगाने के लिए सीएसईबी को आवेदन दिया गया था। इसका काम पूरा हो चुका है। ट्रांसफार्मर लगने के बाद इसे चार्ज किया जा रहा है। इसके बाद इसका संचालन जिला फिजिकल कल्चरल सोसाइटी को सौंपा जाएगा।

## कोचिंग डिपो में काम कर रहा युवक ओएचई की चपेट में आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोचिंग डिपो में ट्रेन के ऊपर चढ़कर काम कर रहे एक प्राइवेट कर्मचारी ओएचई करंट से झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिम्स रिफर किया गया है, यहां से उसे अपोलो हास्पिटल रिफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को कोचिंग डिपों में ट्रेन की छत पर खड़े होकर काम कर रहा एक युवक ओएचई तार की चपेट में आकर गंभीर से रूप से झुलस गया। प्रधान आरक्षक आर.के.गंगोत्री की सूचना पर निरीक्षक राजेश वर्मा, उप निरीक्षक मनोज कुमार एवं सहायक उप निरीक्षक बी.एस.पटेल तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुए, किन्तु घटनास्थल पर पहुंचने तक उक्त प्राइवेट कर्मचारी को एंबुलेंस से रेलवे हॉस्पिटल बिलासपुर ले जाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार उपरांत सिम्स रेफर किया गया। उसे दोपहर लगभग 2.20 बजे सिम्स हॉस्पिटल बिलासपुर में लाकर बर्न यूनिट में उपचार के लिए दाखिल किया गया है। समय लगभग 15.45 बजे घायल व्यक्ति के परिवार वाले उसे सिम्स से अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर उपचार के लिए ले गया। घटना के संबंध में कोचिंग डिपो बिलासपुर से पूछताछ करने पर बताया गया कि कुमार इंजीनियरिंग, भिलाई कंपनी के दो प्राइवेट कर्मचारी कोचिंग डिपो बिलासपुर के अधीन लगभग दोपहर 1. 15 बजे कोच में लीकेज सुधारने वाशिंग लाइन नंबर 1 में एसी कोच क्रमांक 151356 के ऊपर चढ़कर एक स्टाफ लीकीज चेक करने काम कर रहा था। इस दौरान ओएचई की चपेट में आने से झुलस गया। उक्त घायल व्यक्ति के संबंध में पूछताछ करने पर उसका नाम प्रताप बर्मन पिता राम सिंह बर्मन उम्र 26 साल, निवासी मूलमुला,थाना मूलमुला जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ है।



■ युवक को सिम्स से अपोलो हास्पिटल रिफर किया गया

## रुक नहीं रहे हाइवे पर हादसे, वाहनों की रफ्तार पर नहीं लग रही लगाम

# हाइवे पर 5 मवेशियों को भारी वाहन ने कुचला, 4 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर बीती रात तेज रफ्तार भारी वाहन के ड्राइवर ने नेशनल हाइवे पर बैठे 5 मवेशियों को कुचल दिया और भाग गया। हादसे में 4 मवेशियों की मौत हो गई है, वहीं एक घायल हो गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

सकरी पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त की रात ग्राम सैदा तिवारीपारा ओवरब्रिज के ऊपर नेशनल हाइवे पर मवेशी बैठे हुए थे। रात 9 बजे अज्ञात भारी वाहन के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मवेशियों को कुचल दिया और भाग निकला। हादसे में 4 मवेशियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक मवेशी घायल हो गया है। मवेशियों की आवाज सुनकर गांव के लोगों ने ब्रिज पर जाकर देखे तो खून से लथपथ मवेशी सड़क पर पड़े हुए थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृत मवेशियों को हटाकर कफन दफन कराया। वहीं घायल मवेशी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने कोटवार विरेन्द्र खाण्डे की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 291, 325 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।





### रेडियम पट्टी लगाने के बाद भी हो रहे शिकार

पूर्व में रतनपुर बारीगांव के पास भारी वाहन से कुचलकर 14 मवेशियों की मौत हो गई थी। उसके बाद एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सभी थानेदार अपने अपने क्षेत्र में घूमने वाले मवेशियों के कान में रेडियम पट्टी लगा रहे थे, ताकि दूर से मवेशी सड़क पर बैठे हुए दिख जाएं। तमाम कोशिश के बाद भी सड़क पर बैठने वाले मवेशियों के मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद भी हादसे

रतनपुर हुए सड़क हादसे पर मवेशियों की मौत के मामले को हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर नाराजगी जताई गई थी। उसके बाद थानेदार सक्रिय होकर नेशनल हाइवे में पेट्रोलिंग कर मवेशियों को हटा रहे थे। उसके बाद मामला अभियान ठंडे बस्ते में चला गया।

## 30 को शहर आएंगे संघ प्रमुख भागवत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का 30 अगस्त को बिलासपुर आगमन हो रहा है। बिलासपुर संघ परिवार संघ प्रमुख के आगमन को लेकर तैयारी में लगा हुआ है। वे यहां स्व. काशीनाथ गोरे स्मृति में स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे।



स्व. काशीनाथ गोरे की पुण्य तिथि अवसर पर लोकहितकारी काशीनाथ स्मारिका का विमोचन संघ प्रमुख मोहन भागवत के मुख्य अतिथ्य में होने जा रहा है। इस अवसर पर 30 अगस्त को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स सभागार में शाम करीब साढ़े बजे स्मारिका विमोचन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संघ प्रमुख मोहन भागवत शामिल होंगे और संभवतः उनका शहर में रात्रि विश्राम में होगा। इस स्मारिका विमोचन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना भी शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। संघ प्रमुख के शहर आगमन को लेकर बिलासपुर संघ परिवार के सदस्य आवश्यक तैयारियों में जुटा हुआ है।

## बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

**बिलासपुर**। लगातार हो रही बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है, इससे उमस भरी गर्मी से राहत मिल रही है। अधिकतम तापमान में काफी गिरावट देखी जा रही है, सामान्य से 4 डिग्री नीचे जाते हुए अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया गया है। खास बात यह है कि बिलासपुर संभाग के कई जगहों पर अच्छी झमाझम बारिश हो रही है, जिससे नदी व तालाबों में एक बार फिर पानी की धार बहने लगी है। रूक-रूक कर हो रही बारिश ने लोगों को राहत दी है, इस दौरान हल्की बारिश के साथ ही पानी के फुहारे ने मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया है। जिले में इस सीजन की शुरूआत से अबतक 810 मिमी बारिश हो चुकी है, वहीं जिले का औसत बारिश रिकार्ड 1234 मिमी है।

23 AGUST- BSP-PG-2-00_Layout 1 8/24/2025 1:04 AM Page 1



## महिला पार्षद पर एफआईआर की साहू समाज ने की निंदा

**बिलासपुर।** नगर निगम में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन कर दौरान वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद गायत्री साहू एवं उनके पति तिफरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू पर एफआईआर करने का जिला साहू संघ ने कड़ी निंदा की है। संघ के महामंत्री पप्पू साहू ने कहा कि जनता की मांग को लेकर धरना, आंदोलन या प्रदर्शन करना निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का लोकतांत्रिक अधिकार है। जनता अपनी समस्याओं को लेकर अपने जनप्रतिनिधि के पास जाते हैं। उनकी जायज मांगों को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का कर्तव्य जनप्रतिनिधि का होता है। ऐसे में उन पर एफआईआर करना अन्यायपूर्ण है। साहू समाज की महिला पार्षद के विरोध इस प्रकार की कार्रवाई अनुचित व बहुसंख्यक साहू समाज का अपमान है। इसका जिला साहू समाज कड़ी निंदा करती है। इस मामले को लेकर जिला साहू संघ का प्रतिनिधिमंडल उप मुख्यमंत्री अरुण साहू से मुलाकात कर अपनी बात रखेगी।

## पॉलिटिक्स प्लस

### निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ने की केंद्रीय मंत्री पाटिल से भेंट



बिलासपुर। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता अजय सिंह, लाल सिंह ने मोदी सरकार के वरिष्ठ केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से दिल्ली आवास पर मुलाक़ात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य पर चर्चा हुई। श्री पाटिल को साल भेंट कर धन्यवाद दिए।

# भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान में बनाई अलग पहचान: घोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस**

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। अंतरिक्ष दिवस का थीम आर्यभट टू गगनयानः एनसियेंट वीजडम टू इनफानाईट पासिविलिटिज रखा गया था। इस अवसर पर छात्रों और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया गया और भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

यह आयोजन रमन सेंटर फॉर साइंस कम्यूनिकेशन, आई एस आर एस देहरादून, आई एपीटी एवं फेकेल्टी आफ साइंस, सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर फॉर रिन्यूएबल ग्रीन एनर्जी एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह दिन चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता को याद करता है। जब विक्रम लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सुरक्षित और सौम्य लैंडिंग की थी। इस उपलब्धि ने भारत को चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश और दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में ऐसा करने वाला पहला देश बना दिया। इस अवसर पर कुलपति डा. पीके घोष ने कहा कि भारत अंतरिक्ष विज्ञान में एक अलग पहचान बनाई है जो विकसित भारत के लिए वरदान है। भारत में सबसे अधिक प्रगति विज्ञान और तकनीक की क्षेत्र में की है और इस पर हमें गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान में असीम संभावनाएं हैं विकसित भारत 2047 में भारत के कदम शुक्र ग्रह में होंगे।




### अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में रोजगार की अनंत संभावनाएं : कुलसचिव

कुलसचिव डा अरविंद तिवारी ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में रोजगार की अनंत संभावनाएं हैं हमें इस बर सकारात्मक दृष्टि रखकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डीन एकाडेमिक डॉ जयती चटर्जी मित्रा ने भारतीय अंतरिक्ष की ऐतिहासिक यात्रा को बताया और भारतीय वैज्ञानिक के योगदान को याद किया। डीन साइंस डा. एके श्रीवास्तव ने ईसरो के बारे में तथा युवाओं की असीम संभावनाएं को जोड़कर बताया। डा. अमित शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और मंच का संचालन डा शालिनी पाण्डेय ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर डा रश्मि वर्मा, डा श्वेता साव, डॉ विनीता ताम्रकार , डा एस के तिवारी, डा विवेक पांडेय, डा रत्नेश तिवारी, डा अनुपम तिवारी,डा एम जेड खान, डा अंतु कुर्रे, डा यामिनी यादव, डा उमाकांत श्रीवास्तव, डा आर के सिंह सहित बड़ी संख्या में रिसर्च स्कॉलर एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शासकीय कन्या शाला सरकंडा में अंतरिक्ष दिवस पर कार्यक्रम



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर 23 अगस्त को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरकंडा में इंस्पायरोविजन टेक्नोलॉजीस विजन द्वारा अंतरिक्ष की ओर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे अंतरिक्ष पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर विजय तांडे सहित सेवा निवृत डीईओ अशोक सराफ, संस्था की प्राचार्य गायत्री तिवारी इंस्पेरोविजन के सीईओ तथा फउण्डर रणजीत सिंह, किरण पाल सिंह चावला सहित समस्त शिक्षक मौजूद थे। शो का आयोजन मंच संचालन प्रियंवदा पाण्डेय ने किया।


## परिवहन विभाग ने मवेशियों के गले में रिफ्लेक्टिव कालर पहनाया



**बिलासपुर।** विगत दिनों सड़क पर बैठे हुए पशुधन की हानि को दृष्टिगत रखते परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार बारिश के दिनों में सड़क पर बैठने वाली मवेशियों से होने वाली जन हानि व पशुधन हानि को दृष्टिगत रखते हुए मवेशियों के गले में रिफ्लेक्टिव कालर लगाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके परिपालन में 23 अगस्त को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर असीम माथुर के नेतृत्व में परिवहन उड़न दस्ता बिलासपुर प्रभारी संतोष कुमार राठौर, परिवहन निरीक्षक नितिन सिंह व उड़नदस्ता में पदस्थ अधिनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बिलासपुर रायपुर मार्ग, बिलासपुर रतनपुर मार्ग, बिलासपुर मस्तूरी मार्ग व बिलासपुर सीपत मार्ग में सड़क पर बैठे मवेशियों के गले में रिफ्लेक्टिव कालर पहनाया गया। जिससे जनहानि व पशुधन हानि को रोकने प्रयास किया गया।


# सेहत आपकी, जिम्मेदारी हमारी

## अनुभवी डॉक्टरों के साथ बेहतर इलाज




### हैप्पी लाइफ कायरोकेयर बिलासपुर

स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली की ओर एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए हैप्पी लाइफ कायरोकेयर के संचालक डॉ. ए. बैनर्जी ने बताया कि राजकिशोर नगर में लोगों को प्राकृतिक और नॉन-इनवेसिव थेरेपीज के माध्यम से उपचार प्रदान कर रहा है। इस संस्थान में कायरोप्रैक्टिक, आस्टियोपैथी, रिफ्लेक्सोलॉजी, योग और एक्यूप्रेशर जैसी विधियों का उपयोग कर शरीर के भीतर से स्वास्थ्य सुधारने का कार्य किया जा रहा है।


### अशोक प्रसूति मंदिर - 1945 से मातृत्व मंदिर की पहचान

बिलासपुर। शहर की पहचान माने जाने वाले अशोक प्रसूति मंदिर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल वर्ष 1945 से ही मातृत्व मंदिर के रूप में जाना जाता है। डॉ. शंभू अग्रवाल सिनीयर लेप्रोस्कोपी सर्जन ने बताया कि अशोक प्रसूति मंदिर न केवल शहर की पहली पीढ़ी की माताओं का विश्वास रहा है बल्कि आज भी अनेक परिवारों के लिए जन्म व मातृत्व से जुड़ी यादों का केंद्र बना हुआ है। करीब 80 वर्षों से लगातार सेवाएं देते हुए यह संस्थान हजारों माताओं और नवजातों का सहारा बना है। आधुनिक अस्पतालों और नर्सिंग होम्स की भीड़ में भी अशोक प्रसूति मंदिर अपनी परंपरा और विश्वास की वजह से अलग पहचान बनाए हुए है।




### अनंत मेमोरियल हॉस्पिटल बिलासपुर

अनंत मेमोरियल हॉस्पिटल नेहरू नगर में स्थित के संचालक डा.अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि होम्योपैथिक दवाईयाँ केवल रोगों के लक्षणों को दबाने का काम नहीं करती, बल्कि रोग के मूल कारण तक पहुँचकर स्थायी उपचार प्रदान करने का प्रयास करती है। प्रत्येक रोगी की समस्या अलग होती है, इसलिए दवा भी व्यक्ति की प्रकृति और लक्षणों के अनुसार दी जाती है। यही कारण है कि होम्योपैथी को व्यक्तिगत चिकित्सा पद्धति कहा जाता है। होम्योपैथिक दवाईयों से किसी प्रकार के साइड इफेक्ट नहीं होते।




### मिश्रा बोन एण्ड ज्वाइंट क्लिनिक बिलासपुर

- डॉ. अभिनव मिश्रा संचालक मिश्रा बोन क्लीनिक ने बताया कि नी रिप्लेसमेंट की ज़रूरत कब पड़ती है - घुटने में एडवांस्ड आर्थराइटिस होने पर पेशेंट को प्रतिदिन करने वाली एक्टिविटीज में कठिनाइयां होने लगती है तब जोड़ प्रत्यारोपण सबसे कारगर उपाय रहता है।
- नी रिप्लेसमेंट के बाद कब से चलना शुरू कर सकते हैं - ऑपरेशन के 4-6 घंटे के अंदर ही पेशेंट पूरा वजन लेकर चल सकता है।
- घुटने को स्वस्थ रखने के लिए क्या करना चाहिए जिससे कि आगे चलकर नी रिप्लेसमेंट की ज़रूरत ना पड़े - प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए साथ में कैल्शियम और आयरन से भरपूर पदार्थ और भोजन लेना चाहिए।




### श्री कृष्ण सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

मंगला चौक स्थित कृष्ण हॉस्पिटल के संचालक डा. जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि सेवा और समर्पण का संगम स्वास्थ्य मानव जीवन का सबसे बड़ा धन है। बीमारियों से जूझ रहे रोगियों को सही समय पर उचित इलाज मिले, इसके लिए डॉक्टर और नर्सिंग होम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। नर्सिंग होम संचालक की भूमिका नर्सिंग होम केवल एक भवन नहीं होता, बल्कि यह रोगियों के जीवन से जुड़ी आशा और विश्वास की जगह है।



## खबर संक्षेप

### शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के छात्रों ने जानी कानून की बारीकियां



**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश अनिल चौहान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण थे। विशेष अतिथि अधिवक्ता कृष्णा कुमार पांडेय एवं अधिवक्ता सुश्री मनप्रीत चौधरी थीं। न्यायाधीश श्री चौहान ने विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने एंटी रैगिंग अधिनियम पर चर्चा करते हुए आंतरिक परिवाद समिति के महत्व एवं अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए और कानून संबंधी उनकी शंकाओं का समाधान किया। सुश्री मनप्रीत चौधरी ने विद्यार्थियों को एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया तथा जीरो एफआईआर की अवधारणा के बारे में बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के किसी भी भाग में कोई भी व्यक्ति लिखित शिकायत को जीरो एफआईआर के रूप में दर्ज करा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम एवं साइबर कानूनों की जानकारी दी। शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ एस के सिंघई के मार्गदर्शन में, डॉ. सीमा चौहान, प्रो. दीपिका बैरागी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बाबा मार्तेंड्य ने किया।

### सकरी थाने में स्वयंसिद्धा फाउंडेशन ने किया पौधारोपण



**बिलासपुर।** एक पेड़ मां के नाम के तहत आज सकरी थाने में स्वयंसिद्धा फाउंडेशन के तत्वाधान में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में एसएसपी रजनेश सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए पौधारोपण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, पौधारोपण के बाद सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है। एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल ने कहा कि बारिश के दिनों में हम सभी को पौधारोपण करना चाहिए जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे। वार्ड 4 की पार्षद व एमआईसी चेयरमैन कुसुम कोसले ने कहा की पर्यावरण हित को ध्यान में रखते हुए लोगों को पौधरोपण के लिए जागरुक कर रही हैं। फाउंडेशन अध्यक्ष चंचल सलूजा ने कहा कि फाउंडेशन जनहित के कार्यों के लिए सक्रिय है। बारिश के दिनों में बहुत रोपण के लिए सबसे अच्छा समय रहता है इसलिए अभी मुख्य तौर पर जिले के विभिन्न क्षेत्र में पौधारोपण का कार्यक्रम फाउंडेशन द्वारा लगातार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सकरी टीआई प्रदीप आर्य, फाउंडेशन के सदस्य नवीन दुबे, हर्षप्रीत छाबड़ा, मोनिका तिवारी, अवनी वाशिंग आदि मौजूद थे।

### सर्वेश्वरी समूह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 29 को

**बिलासपुर।** सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी कोनी द्वारा 29 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी बीमारियों के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा सेवाएं दी जाएगी। आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा। वृद्धजनों, दिव्यांगजनों के लिए वाकर भी दिया जाएगा। इसके लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। इस शिविर में सर्दी, जुकाम, खांसी, लकवा, पक्षाघात, चर्म रोग, बवासीर, खुजली, आमवात, गठियावात, जोड़ों का दर्द, छाती रोग, गैस, पीलिया आदि की दवाईयां निः शुल्क दी जाएगी। यह शिविर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

### थानेदार पेट्रोलिंग गाड़ी से चेहते पुलिसकर्मियों को नहीं बदल रहे

**बिलासपुर।** एसएसपी के आदेश के बाद भी थानेदार अपने चेहते पुलिसकर्मियों की पेट्रोलिंग की ड्यूटी नहीं बदल रहे हैं। सभी पुलिसकर्मी अब भी अपनी जगह पर जमे हुए हैं। पूर्व में एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के थानेदारों को हर दो तीन माह में पेट्रोलिंग गाड़ियों में चलने वाले पुलिसकर्मियों की ड्यूटी बदलने का आदेश दिया था। आदेश जारी होने के बाद कुछ पुलिसकर्मियों की ड्यूटी बदलकर नए पुलिसकर्मियों की पेट्रोलिंग गाड़ी ड्यूटी लगाई गई थी। उसके बाद आदेश को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। नए पुलिसकर्मियों को बदलकर फिर से अपने चेहते कमाऊ पुलिसकर्मियों की पेट्रोलिंग में ड्यूटी लगा दी गई है। ज्ञात हो कि लंबे अरसे से पेट्रोलिंग गाड़ी में चलने से पुलिसकर्मियों की अपने अपने क्षेत्र के अवैध कारोबार करने वालों से सांठगाठ हो जाती है। इसी तरह गुण्डा बदमाशों से दोस्ताना संबंध निभाते हैं। सीएसपी सिविल लाइन निमितेश सिंह परिहार ने बताया कि आदेश के बाद पेट्रोलिंग गाड़ी से पुलिसकर्मियों को बदला जा रहा है। अगली बार फिर से टर्न आने पर उक्त पुलिस नजर आ रहे हैं।

फिनिशिंग व अन्य कार्य बाकी

# तीन साल में यात्रियों को नहीं मिल सकी नए प्लेटफार्म की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन का बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहला ऐसा स्टेशन बनने जा रहा है, जहां यात्रियों को तीन साल से नए प्लेटफार्म की सौगात नहीं मिल सकी है। गाड़ियों की आवाजाही और स्टापेज के लिए 10 प्लेटफार्मों का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य के तहत प्लेटफार्म का काम पूरा कर लिया गया है, वहीं एफओबी बनकर तैयार हो गया है, जिसमें फिनिशिंग व अन्य कार्य करना बाकी है। इस कार्य को कई दिनों से अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण चुचुहियापारा की ओर रहने वाले और अन्य यात्रियों को अब नए प्लेटफार्म और अन्य कार्यों को पूरा होने का अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में फिलहाल 8 प्लेटफार्म हैं, जिनमें प्लेटफार्म नंबर 1 से लेकर 5 तक हावड़ा-मुंबई मार्ग की ट्रेनों के अलावा अन्य एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और लोकल ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, रायपुर और कटनी की ओर से रायगढ़ और कोरबा की ओर जाने वाली मालगाड़ियां भी प्लेटफार्म पर घंटों खड़ी रहती हैं। प्लेटफार्म नंबर 6, 7 और 8 पर कटनी और रायपुर से आने वाली गाड़ियों का स्टापेज दिया जाता है और बिलासपुर पहुंचने के बाद इन गाड़ियों को कोचिंग डिपो में मेंटेनेंस के लिए भेज दिया जाता है। हर दिन 200 से अधिक मालगाड़ियों और 60 से ज्यादा यात्री ट्रेनों का संचालन होने के कारण प्लेटफार्म पर खड़ी गाड़ियों के चलते अन्य ट्रेनों के लिए जगह नहीं मिल पाती। कई बार प्लेटफार्म पर खड़ी मालगाड़ी और यात्री गाड़ियां यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनती है, क्योंकि ट्रेनें घंटों आउटर पर खड़ी रहती हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए रेलवे ने नए प्लेटफार्मों के निर्माण की योजना बनाई है, जिसका काम कुछ दिन पहले तेजी से किया जा रहा था। इस कार्य की गति को देखकर जल्द ही पूरा होने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन प्लेटफार्म और आधे अधूरे एफओबी को बनाकर काम ही बंद कर दिया गया है।



### रैंप सहित बने एफओबी

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म नम्बर 4 और 5 के बाद दो नए प्लेटफार्म का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में पांच नम्बर प्लेटफार्म और उसके बाद बनी लाइन के उपरांत दो नई रेल लाइन का निर्माण किया जा चुका है, जहां मालगाड़ियों का परिचालन हो रहा है। वहीं नए प्लेटफार्म बनाने के बाद ठेकेदार ने एक ओर एफओबी का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया है और दूसरी ओर का काम अधूरा छोड़ दिया है। इसमें यात्रियों को रैंप के साथ दूसरी ओर प्लेटफार्म पर उतरने के लिए सीढ़ियों का भी उपयोग की सुविधा दी जानी है।

### किया जाना है काम

रेल अफसरों के अनुसार बिलासपुर एसईसीआर जोन का पहला रेलवे स्टेशन होगा, जिसमें 1 से लेकर 10 तक सारे प्लेटफार्म पर ट्रेनों का स्टापेज दिया जाएगा। नए प्लेटफार्म निर्माण करने के साथ इलेक्ट्रिकल कार्य, सिग्नलिंग कार्य, लाइटिंग, यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था, प्लेटफार्म पर पत्थर लगाने के अलावा अन्य कार्य किए जाएंगे, जिसमें कुछ समय लग सकता है। इस कार्य के पूरा होने के बाद विशेषकर चुचुहियापारा की ओर रहने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिल सकेगी।

### चुचुहियापारावासियों को सुविधा

प्लेटफार्म नम्बर 4-5 के बाद बन रहे नए प्लेटफार्म नम्बर 9-10 के बाद सबसे अधिक सुविधा चुचुहियापारा की ओर से स्टेशन तक पहुंचने वाले यात्रियों को मिलेगी।



वर्तमान में चुचुहियापारा और सिरगिट्टी की ओर रहने वाले लोगों के लिए गेट नम्बर 4 में बने एफओबी का विस्तार किया गया है, जहां से लोगों को आने-जाने में कई बार आरपीएफ और टीटीई पकड़कर जुर्माना भी कर देते हैं। स्टेशन के दूसरी ओर लोगों के लिए नए प्लेटफार्म के साथ एक नए प्रवेश द्वार की सुविधा भी होगी, जहां लोग टिकिट लेकर अंदर प्रवेश कर सकेंगे।

### रिडेवलपमेंट के साथ कार्य

जोनल स्टेशन बिलासपुर के चुचुहियापारा यानि प्लेटफार्म नम्बर 4-5 के बाद एक नया प्लेटफार्म बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके अब तक पूरा नहीं होने की सूचना भी मिली है। यह कार्य अब स्टेशन रि डेवलपमेंट के साथ ही आगे किया जाएगा।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# अटल विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने उनसे भेंटकर औपचारिक रूप से दीक्षांत समारोह में आने का आमंत्रण दिया, जिसे पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद ने स्वीकार कर लिया है।



अटल यूनिवर्सिटी में आगामी दीक्षांत समारोह को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इस बार दीक्षांत समारोह में देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि होंगे। अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ बाजपेयी ने उनसे मुलाकात कर उन्हें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रण दिया है। इसके साथ ही कुलपति बाजपेयी ने पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद को यूनिवर्सिटी की प्रगति, शैक्षणिक उपलब्धियों तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यों की जानकारी दी।

कुलपति के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी में प्रत्येक वर्ष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है और इसमें प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित व्यक्तियों एवं विशिष्ट अतिथियों के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ है। पिछले पांच वर्षो से होते आए दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा, छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल रमेन डेका, पूर्व राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, भारत में फिजी के उच्चायुक्त कमलेश शशि प्रकाश, पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने दीक्षांत समारोह में शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्सावर्धन किया है।

# आगे बढ़ने के लिए अनुशासन धैर्य के प्रति रहना होगा सजग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- अटल विवि में नवप्रवेशित छात्रों का दीक्षारंभ

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में शुक्रवार को यूनिवर्सिटी के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन में यदि आगे बढ़ना है तो अनुशासन धैर्य और अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहना होगा।

अटल यूनिवर्सिटी में दीक्षारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सारस्वत ने छात्रों से कहा कि यह आपके जीवनकाल का ऐसा समय है, जिसमें सबसे ज्यादा आनंद की अनुभूति होती है तथा अपने भाग्य का निर्माण भी स्वयं करना है। उन्होंने कहा कि जितना आपका विचार स्वच्छ होगा, उतना आप आगे बढ़ेंगे। इसी तरह जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन, धैर्य और अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रम्हाकुमारी स्वाती दीपी ने ध्यान के माध्यम से छात्रों को आनंद, खुशी, ईमानदारी और शांति की सीख दी। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति, वैज्ञानिक अब्दुल कलाम के जीवन से जुड़ी कुछ बातें छात्रों के सामने रखी। उन्होंने कहा कि हमारे आदर्श हमारे माता-पिता होने चाहिए। इसी तरह विशिष्ट अतिथि उद्योगपति चंद्रशेखर ने कहा कि आज का समय नवाचार का है। छात्रों को नई तकनीकी अपनानी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा यूनिवर्सिटी हर प्रकार के अवसर प्रदान करता है। यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में सर्वसुविधायुक्त प्रमुख शालाएं व अन्य संसाधन उपलब्ध है। यूनिवर्सिटी में न केवल अध्ययन, अध्यापन बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित गतिविधियां, व्याख्यानमाला सतत रूप से आयोजित किया जाता है।

# सिम्स में गुटखा-तंबाकू पर बैन जागरूक करने में लगा प्रबंधन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स चिकित्सालय प्रशासन द्वारा परिसर में गुटखा, तंबाकू एवं धूमपान पर विशेष निगरानी रखते हुए सख्ती से बैन कर दिया है। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह तथा सहायक चिकित्सा अधीक्षक डॉ. समीर पैकरा ने परिसर का निरीक्षण किया और सफाई-सुरक्षा प्रभारी अधिकारी के निर्देशन में सिक्योरिटी सुपरवाइजर कमलेश दीवान के नेतृत्व में सुरक्षा गार्ड को हर समय सक्रिय रहने की हिदायत दी है। गार्डों के द्वारा मरीजों के परिजन एवं अन्य लोगों से नशे का सामान जब्त कराया जा रहा है। इस दौरान जागरूकता लाने के लिए तंबाकू व धूम्रपान से होने वाली बीमारियों के बारे में संक्षिप्त में जानकारी दी जा रही है।

बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं वार्डों और प्रतीक्षालयों में पोस्टर और संवाद के माध्यम से लगातार जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे है। जांच के दौरान गुटखा, तंबाकू या सिगरेट पाए जाने पर डीन के आदेशानुसार संबंधित लोगों का पहचान कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### मैढ़ क्षत्रिय सोनी समाज का प्रदेश स्तरीय स्नेह सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज बिलासपुर में राज्य स्तरीय स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है। सम्मेलन रविवार 24 अगस्त को यश पैलेस में सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, मेयर पूजा विधानी होंगी। इस मौके पर मैढ़ क्षत्रिय सोनी समाज, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पवन सोनी और समाज सेविका, कोरबा सरोज सोनी व समाज सेविका रायपुर आशा सोनी विशिष्ट अतिथि होंगी। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि मैढ़ सोनी समाज राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित अनेक प्रदेशों में स्वर्ण आभूषणों का व्यापार कर देश की आर्थिकी को मजबूत करने में योगदान दे रहा है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष सजन सोनी सचिव, प्रकाश सोनी कोषाध्यक्ष शुभम सोनी सहित समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी और पारिवारिक सदस्य अपना अतुलनीय योगदान दे रहे हैं।

17 अक्टूबर तक दीपावली और यशवंतपुर में बन गई नो रूम की स्थिति

# फेस्टिवल सीजन से पहले ही फुल हुई मेट्रो सिटी से आने वाली ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो माह बाद नवरात्रि और दीपावली सहित फेस्टिवल सीजन शुरु हो रहा है। इस फेस्टिवल सीजन के शुरु होने से पहले ही मेट्रो सिटी से बिलासपुर और उसलापुर की ओर आने वाली मुख्य ट्रेनो के स्लीपर और एसी कोच के बर्थ 17 अक्टूबर तक फुल हो चुके हैं। मुख्य रूप से यशवंतपुर, आजादहिंद एवं मेल व अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों का हाल ऐसा हो गया है कि नो रूम के कारण लोगों की दो माह बाद की बुकिंग भी नहीं हो पा रही है।

अक्टूबर माह में नवरात्र पर्व के उपरांत दशहरा और दीपावली के बाद छठ का पर्व भी शुरु हो जाएगा। प्रतिवर्ष दशहरा और दीपावली का पर्व मनाने के लिए बाहर कमाने खाने जाने वाले लोगों के अलावा पढ़ने वाले बच्चे अपने-अपने घर वापस होते हैं। इसके कारण फेस्टिवल सीजन में यात्रियों की भीड़ अधिक होने से बर्थ भी बड़ी मुश्किल से मिल पाते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों के अलावा बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ व अन्य स्थानों में रहने वाले हजारों की संख्या में लोग और बच्चे कमाने खाने के अलावा पढ़ाई करने के लिए बेंगलुरु, जयपुर कोटा, लुधियाना, नई दिल्ली, पुणे व अन्य मेट्रो स्टेशन में जाते हैं। साल के पूरे महीने बाहर रहने के बाद त्यौहार मनाने के लिए छुट्टी मिलने के बाद सभी की वापसी अपने-अपने जिले में होने लगती है, जिसके कारण ट्रेनों में भीड़ बढ़ने की वजह से उन्हें निजी बस व अन्य संसाधन का सहारा लेना पड़ता है। इससे बचने के लिए लोग महीनों पहले ही ट्रेन में कंफर्म बर्थ लेने की आस में बुकिंग कर लेते हैं। रेलवे ने भीड़ को कम करने और ज्यादा से ज्यादा कंफर्म बर्थ देने के लिए पहले ट्रेन के संबंधित स्टेशन से रवाना होने के चार माह पहले ही रिजर्वेशन कराने की सुविधा दी थी, जिसे कुछ दिन पहले चेंज करते हुए दो माह कर दिया गया है। रेलवे के इस बदले गए नियम से कई यात्रियों को परेशानी भी उठानी पड़ रही है। आरक्षण काउंटर बुकिंग के अलावा आनलाइन बुकिंग करते हुए लोग रातों रात अपनी बर्थ आरक्षित कर रहे हैं।

### जाने वाली ट्रेनें खाली

मेट्रो स्टेशनों से बिलासपुर की ओर आने वाली सारी विशेष ट्रेनों के स्लीपर एवं एसी कोच में वेटिंग और नो रूम की स्थिति बनने से लोगों को बर्थ के लिए अभी से जूझना पड़ रहा है। वहीं बिलासपुर से मुम्बई, हावड़ा, नई दिल्ली, बनारस, छपरा, जम्मूतवी व अन्य मेट्रो स्टेशनों की ओर जाने वाली ट्रेनों के स्लीपर एवं एसी के बर्थ खाली-खाली चल रहे हैं, जिसमें दीपावली और छठ पर्व के बाद भीड़ बढ़ने की संभावना है।



## खबर संक्षेप

### नीट पीजी में प्रियांशी की शानदार सफलता



**पेंड्रा।** नीट पीजी 2025 में पेंड्रा निवासी डॉ प्रियांशी ताम्रकार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1013वीं रैंक हासिल किया। इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे पेंड्रा नगर नाम रोशन किया है। डॉ प्रियांशी ताम्रकार पेंड्रा के प्रतिष्ठित व्यवसायी बल्लू ताम्रकार और कल्लू ताम्रकार की पुत्रवधु हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। डॉ प्रियांशी ताम्रकार ने कहा कि, उन्होंने दिन-रात मेहनत की और अपने परिवार के समर्थन से यह संभव हो पाया। उनकी इस सफलता ने अन्य नीट उम्मीदवारों के लिए एक प्रेरणा स्थापित की है। बल्लू ताम्रकार ने कहा कि, प्रियांशी की अनुशासित पढ़ाई और दृढ़ संकल्प ने हमें हमेशा प्रभावित किया।

### मुंगेली जिले में नेत्रदान पखवाड़ा कल से

**मुंगेली।** रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में जिले में नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिला अस्पताल के अंधत्व निवारण समिति के द्वारा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक यह 'नेत्रदान पखवाड़ा' आयोजित किया जायेगा। इसी क्रम में वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्स के लिए स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन 25 अगस्त सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक 'सियान सदन' रामगढ़ में किया जाएगा। इस शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा नेत्र जांच की जाएगी। साथ ही नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण, नेत्रदान, शुगर एवं रक्तचाप जांच, वय वंदनकार्ड आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे कार्य वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए जाएंगे और मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार भी किया जाएगा।

### डेयरी पॉलिटेक्निक में प्रवेश की तिथि 31 तक बढ़ी

**तखतपुर।** जेएमपी महाविद्यालय के परिसर में संचालित डेयरी पॉलिटेक्निक तखतपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश प्रक्रिया 17 जुलाई से प्रारंभ हो चुकी है। छात्र हित में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अगस्त से बढ़ाकर 31 अगस्त तक की गई है। डेयरी पॉलिटेक्निक के द्विवर्षीय डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में कुल 30 सीटें उपलब्ध हैं, जिसमें प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अहर्ता गणित विषय समूह में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण है। विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

### घर में घुसा कोबरा किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** सोनपुरी गांव में रहने वाली नागेश्वरी रजवाड़े उस समय सहम गई, जब वह अपने घर में पूजा कर रही थी तभी अचानक एक कोबरा घर में घुस गया, वह इतने बड़े सांप को देखते ही घर के दूसरे कमरे के अंदर भाग गई। आसपास के लोगों को उसने फोन के माध्यम से जानकारी दी कि उसके घर में सांप घुस गया है। आनन फानन में लोग उसके घर पहुंचे और उसे भगाने का प्रयास किया, उसमें सफल नहीं हुए। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी।

## निधन

### प्रेमलता शुक्ला



**बिलासपुर।** मसानगज निवासी स्वर्गीय कन्हैयालाल शुक्ला की पत्नी प्रेमलता शुक्ला का शनिवार रात 12 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार 24 अगस्त को दोपहर 1 बजे उनके निवास पटवारी बाड़ा मसानगंज से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे सुनील मुन्नू शुक्ला, स्वप्निल शुक्ला की माता थीं।

### रामनाथ यादव



**बिलासपुर।** ग्राम पराघाट निवासी रामनाथ यादव का 75 वर्ष की उम्र में 22 अगस्त को निधन हो गया। वे शंकर यादव और सोनू यादव के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 23 अगस्त को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## ग्राम पंचायत क्षेत्र में मानव-हाथी के बीच संघर्ष जारी

# 20 दिनों से दो हाथियों ने मरवाही इलाके में जमा रखा है डेरा


### ग्रामीणों के घरों को किया क्षतिग्रस्त फसलों को पहुंचाया नुकसान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही**

नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले 20 दिनों से दो हाथियों ने डेरा जमाया हुआ है। मध्यप्रदेश की सीमा से आए हाथी और मरवाही पंचायत क्षेत्र के लोगों के बीच जीवन को लेकर संघर्ष जारी है।

हाथियों ने इन 20 दिनों में कई ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त किया है और फसलों को नुकसान पहुंचाया है। स्थिति यह है कि रात में गांव का कोई भी पुरुष सोता नहीं है, सभी हाथियों पर नजर रखने रतजगा करने मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार मरवाही नगर पंचायत क्षेत्र में 2 हाथियों को डेरा डाले हुए लगभग 20 दिनों से ज्यादा समय हो गया है। यहां हाथी-मानव द्वंद्व जारी है। वन विभाग प्रशासन रहवासियों को हिदायत देकर हाथियों के मूवमेंट में नजर रख रहा है, लेकिन विभाग के अधिकार-कर्मचारियों के पास हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने कोई ठोस प्लान नहीं है। मरवाही क्षेत्र में हालात यह हैं कि हाथी जंगल किनारे बसाहट और घनी आबादी वाले क्षेत्र में दर्जनों घर को ध्वस्त कर चुके हैं। हाथी उन घरों को याद रखते हैं जहां वे पहले भी धान और चावल चट कर चुके हैं। वे उस घर को ही खोजकर वहां पहुंचते हैं और तोड़फोड़ मचाते हैं। मरवाही के मूड़ा टोला निवासी रतन चंद्रा ने बताया कि गांव के रहवासियों की मदद करने कोई आगे नहीं आ रहा है। वन विभाग मुआवजा देता भी है तो नाम मात्र का।





हाथी के हमले से क्षतिग्रस्त ग्रामीण के मकान।

जिसका घर टूट फूट गया है उसको तत्काल कोई मदद नहीं मिलती। आवास टोला के मोहन दास का कहना है कि स्थिति यह है कि रात को पूरा गांव हाथी पर नजर रखता है। कोई नहीं सोता। प्रायः सबके मकान मिट्टी के बने हुए हैं और सब कोठला में धान रखते हैं। रात में बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं कहां जाएंगे उनकी भी सुरक्षा का ध्यान रखना पड़ता है। यहां किसी भी समय हाथी आ जाते हैं और उत्पात मचाकर चले जाते हैं। स्थानीय निवासी बृजेश ने बताया कि अब हाथी दिन में ही रिहायशी इलाके में घूम रहे हैं। शनिवार को हाथी मनवारी टोला के प्राइमरी स्कूल के पास दिन भर डेरा डाले रहे। हाथियों की मौजूदगी से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### शिफ्ट करने कोई योजना नहीं

हाथी मध्यप्रदेश की तरफ से आकर उत्पात मचा रहे हैं। किसानों की फसल और घर को नुकसान हो रहा है। इसका आंकलन ग्रामीणों के द्वारा ही किया जाना है, वही इसका मूल्य तय करेंगे। इसके लिए वन विभाग कैम्प लगाएगा। हाथियों को अन्यत्र शिफ्ट करने की कोई योजना नहीं है।

**एमएस मरकाम**, एसडीओ फारेस्ट



## डिजिटल फ्राड से बचना है तो करें सुरक्षित लेनदेन: डाहिरे

**लोरमी।** क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड, क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन के द्वारा एक दिवसीय वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन लोरमी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी डाहीरे लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रहे एवं अध्यक्षता प्रसन्ना मार्था डिविजन मैनेजरने की। सा थ ही विशिष्टि अतिथि के रूप में श्रीकांत धनखुटे एरिया मैनेजर एवं जिले के सायबर सेल के जवान उपस्थित रहे।

- वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुऐ श्री डाहिरे ने कहा कि, आज के समय में डिजीटल फ्राड, आनलाईन गेमिंग, ओटीपी,सीवीवी, डाट एपीके फाइल जैसे सैकड़ो हैकर मौजूद हैं। ऐसे समय में सुरक्षित लेनदेन एक जिम्मेदारी बन गई है। आरबीआई व उनके सहायको द्वारा लगातार इस दिशा में जागरूकता का प्रयास किया जा रहा है। वित्तीय सेवाओं के सही उपयोग, डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा, धोखाधड़ी से बचाव तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रशिक्षित कर दूसरों को भी जागरूक करने का समय ही उत्तम है। उन्होंने आगे कहा कि, वित्तीय साक्षरता से ही ग्रामीण महिलाएं और समुदाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन बनकर जीवकोपार्जन कर रहे हैं। समूह में लोन उपलब्ध हो जाने से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। प्रसन्ना मार्था ने कहा कि, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड बेंगलुरु आधारित भारत की प्रमुख माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं में से एक है। यह मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं को छोटे ऋण उपलब्ध कराता है, और उनके जीवन स्तर को सुधारने में सहयोग करता है। विशिष्ट अतिथि श्रीकांत धनखुटे ने कहा कि, क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन एक सेक्शन 8 कंपनी है, जो 100 प्रतिशत क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड की सहायक संस्था है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, ग्रामीण विकास और आपदा राहत के क्षेत्रों में कार्य करती है तथा सीएसआर कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर साइबर सेल टीम मुंगेली ने वित्तीय जागरूकता एवं अपराध के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बीएम भानूप्रताप वस्त्रकार ने किया एवं आभार अवधेश जायसवाल ब्रांच मैनेजर ने किया। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र गडसेल, शुभम तिवारी, हरेन्द्र मानिकपुरी, करन यादव, उवैश कुरैशी, ईशिका केशरवानी, सबा खान, चांदनी, नीतू खुंटे, रेवती, भगवती, आशा, पूर्णिमा, रामगोपाल, जयकुमारी, इन्द्राणी, अंजली सहित बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह योजना की महिलाएं उपस्थित रहीं।



## सड़क के किनारे से हटाया गया अतिक्रमण

**बोदरी।** हाईकोर्ट के निर्देश पर कलेक्टर के आदेश एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में शनिवार को नयापारा चौक बोदरी से चकरभाठा ब्रिज तक एवं रहंगी मोड़ से हाईकोर्ट आवासीय परिसर तक जाने वाली सड़क के किनारे फल, सब्जी एवं अन्य ठेले-गुमटियों पर कार्रवाई की गई।

साथ ही चकरभाठा सड़क पर पोस्टर एवं शेड लगाकर अतिक्रमण करने एवं सामानों को बाहर रखकर व्यापार करने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। सड़क के किनारे से अतिक्रमण को हटाया गया एवं पोस्टर, शेड को नगरपालिका के दस्ते ने जब्त किया। साथ ही रोड के किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते हुए वाहनों को लिफ्टर से लिफ्ट कर थाने में खड़ा कराया गया। उक्त कार्रवाई में तहसीलदार संदीप साय, नायब तहसीलदार ओमप्रकाश चंद्रवंशी, थाना प्रभारी उत्तम साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भारती साहू, राजस्व विभाग की टीम पटवारी, कोटवार एवं पुलिस के कर्मचारी एवं नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कौशिक ने 190 छात्राओं को किया साइकिल का वितरण



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तिफरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 190 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया।

श्री कौशिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना एवं उनकी पढ़ाई में आने वाली दूरी जैसी बाधाओं को दूर करना है। सरकार की यह पहल न केवल शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में है, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास, स्वावलंबन और उज्वल भविष्य को भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत आज बिल्हा में छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। बेटियां हैं तो कल है ,सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें, हमारे प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना। मंच संचालन व्याख्याता जय कौशिक ने किया और बताया कि तिफरा स्कूल की छात्रा सुमन कैवर्त ने भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र हैदराबाद में पदस्थ हुई हैं। हमारे जिले के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में बीईओ बिल्हा सुनीता ध्रुव ने शैक्षणिक गुणवत्ता पर बातें रखीं , प्राचार्य डा विश्वनाथ कश्यप ने स्वागत उद्बोधन कर सभी मंच पर उपस्थित अतिथि का स्वागत किया। हरपाल सिंह ठाकुर और उर्वशी मिश्रा जी ने हारमोनियम और तबले से प्रस्तुति देकर सबकी खूब तालियां बटोरी संकुल समन्वयक सुनील पाण्डेय, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू, पार्षद सीमा संजय सिंह, रामू साहू, राजकुमार यादव, हरीश साहू मंडल अध्यक्ष, कृष्ण कुमार कश्यप,सविता रजक, राघवेन्द्र झा, रमाकांत चंद्रनाहू, अनिल सिंह, मनोज दुबे ,मुकेश वर्मा, श्रीराम, संगीता कुशवाहा, सुभाष सिंह ,रवि दुबे, रजनीगंधा बेहार, सुधा दुबे, हेमलता बघेल, लीपी वर्मा, मधुलिका त्रिपाठी, रेणुका तिवारी आदि मौजूद थे।

## संस्कृत भारतीय संस्कृति की आत्मा : तारागिरी



**सीपत।** विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत में संस्कृत दिवस बड़े उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या तारा गिरी, पूनम मंडल, प्रदीप पांडेय एवं अन्य शिक्षकों ने मां सरस्वती पूजा के साथ की। स्कूल के नन्हें-मुन्नों से लेकर वरिष्ठ विद्यार्थियों ने मंच पर संस्कृत श्लोक, गीत व नाटक प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न वेशभूषाओं में सजे बच्चों ने अपने अभिनय और संदेशों से संस्कृत भाषा की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर प्राचार्या तारा गिरी ने कहा कि, प्रिय विद्यार्थियों, संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह भाषाओं की जननी और ज्ञान का अनंत भंडार है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोमती वस्त्रकार और दीपक राठौर ने किया।

## जर्जर स्कूलों की मरम्मत कराने कलेक्टर से मिले जिपं सदस्य

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर**

जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत कराने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र प्रताप कौशिक ने कलेक्टर से मुलाकात की। जिपं सदस्य शिवेंद्र कौशिक तखतपुर विकासखणंड अंतर्गत स्कूलों की दयनीय हालत को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि, आए दिन भवन की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दूर्घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्र की अधिकांश स्कूलें मरम्मत के लायक हो गई हैं, यदि मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई भी अनहोनी हो सकती है। उन्होंने अपने क्षेत्र के 34 स्कूल, जिसमें 6 स्कूल का नवीनीकरण, 1 स्कूल की छत और शौचालय मरम्मत, दो स्कूल की छत, फर्श, शौचालय एवं कीचन शेड, एक स्कूल किचन शेड की मरम्मत तथा अन्य 25 स्कूलों की छत, फर्श, शौचालय, कीचड़ शेड, दीवार की मरम्मत की मांग कलेक्टर से की है।



स्कूलों के बारे में जानकारी देते जिपं सदस्य।

### मामा के यहां से अपने घर जा रही नाबालिग लापता, मामला दर्ज

**तखतपुर।** मामा के घर से अपने घर निकली नाबालिग छात्रा के घर नहीं पहुंचने पर परिजन ने बच्ची के अपहरण की शिकायत थाने में दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 वर्षीय नाबालिक छात्रा मामा के घर से अपने घर कोटा जाने के लिए 16 अगस्त को घर से निकली थी, जो अब तक घर नहीं पहुंची। परेशान परिजनों ने मामले की सूचना थाने में दी। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपहरण धारा 137,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## केशरवानी कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप, 18 छात्राओं का चयन

**करगीरोड कोटा।** केशरवानी महाविद्यालय कोटा में छात्राओं के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें गुजरात स्थित योकोहामा टायर कंपनी ने 18 छात्राओं का चयन किया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में छग शासन की पहल पर गुजरात की योकोहामा टायर कम्पनी, जिला प्रशासन और जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र बिलासपुर के सहयोग से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया।

कंपनी की एचआर मैनेजर ममता गायकवाड़ ने योकोहामा कम्पनी की स्थापना, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं के बारे जानकारी देते हुए बताया कि, कंपनी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इस हेतु कंपनी की ओर से विभिन्न राज्यों में शिक्षित युवतियों के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नाज बेंजामिन ने प्लेसमेंट कैंप के आयोजन हेतु योकोहामा कम्पनी गुजरात, छग शासन और जिला प्रशासन बिलासपुर को धन्यवाद देते हुए इसे छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर बताया और अधिक से अधिक छात्राओं को रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराने और प्लेसमेंट कैम्प से जुड़ने की अपील की। प्लेसमेंट सेल के नोडल अधिकारी शितेष जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि, महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षित युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में गुजरात के दाहेज स्थित योकोहामा टायर कंपनी के द्वारा पंजीकृत 98 छात्राओं के साक्षात्कार के बाद महाविद्यालय की 18 छात्राओं का सेलेक्शन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे ।




## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

# लंबित आवेदनों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करें

**गौरेला।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर निराकृत एवं लंबित राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने फौती, विवादित एवं अविवादित नामांतरण, विवादित एवं अविवादित बंटवारा, नक्शा बटांकन, सीमांकन, डिजिटल हस्ताक्षर, मोबाइल नंबर की एंट्री, अभिलेख शुद्धता, आरबीसी छह-चार, स्वामित्व योजना, किसान किताब प्रविष्टि, कृषक पंजीयन, आधार प्रविष्टि, भू-अर्जन, मुआवजा वितरण, वसूली, अतिक्रमण, वन अधिकार पत्र, न्यायालयीन आदि प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की तथा लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत कर पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक सेवा गारंटी के लंबित आवेदनों का समय-सीमा के भीतर निराकृत करने और राजस्व प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने कहा कि, अभिलेख दुरूस्ती एवं अभिलेख शुद्धता के लिए राजस्व न्यायालयों से आदेश होने के बाद पटवारियों द्वारा तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने आरबीसी छह-चार से संबंधित जनहित के प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए तत्काल निराकृत करने तहसीलदारों को निर्देश दिए। इसके साथ ही लोक सेवा केंद्रों में दस्तावेजों में गड़बड़ी करने पर उनकी आईडी निरस्त करने कहा। कलेक्टर ने भूमि आबंटन से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और भूमि आबंटन की कार्रवाई में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को कोर्ट में उपस्थित रहने को कहा। साथ ही तहसीलवार शिविर लगाकर पहली से पांचवी कक्षा के स्कूली बच्चों एवं आंगनबाड़ी के बच्चों का आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने, शिविर का प्रचार प्रसार एवं शेड्यूल जारी करने, किसान किताब में आधार प्रविष्टि करने, रिकार्ड रूम में सीसीटीबी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, एसडीएम पेंड्रारोड विक्रांत कुमार अंचल, एसडीएम मरवाही निकिता मरकाम, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि ग्राम देवगांव प.ह.नं.12 रा.नि.म. मुंगेली तहसील वो जिला मुंगेली (छ.ग.) में खसरा नंबर 141/4, 145/3, 154/2, 156/4, 202/7, 202/12, 293/8 रकबा क्रमशः 0.0120, 0.0360, 0.0080, 0.0080, 0.0320, 0.080, 0.0290 हे. कुल खसरा नं. 7 रकबा 0.1530 हे./0.38 एकड़ भूमि स्थित है। जो कि गंगुराम पटेल की भूमि है। गंगुराम पटेल के गेंदराम पटेल फेदू उर्फ कुजबिहारी, दुरपतिबाई, कमल प्रसाद पटेल, हरनारायण पटेल, रामनारायण पटेल पुत्र-पुत्रियां है। कुंजबिहारी पटेल ने उक्त पैतृक भूमि को फर्जी तरीके से अपने नाम पर अकेले ही राजस्व अभिलेखों में दर्ज करा लिया है। उक्त सम्पूर्ण भूमि पर स्व. गंगुराम पटेल के सभी पुत्र-पुत्रियों का समान हक हिस्सा निहित है। कुंजबिहारी जो कि वर्तमान में कोनी बिलासपुर में अपने परिवार के साथ में निवास करता है जो कि उक्त भूमि को बय बिक्री अन्यत्र अन्तरण करने का लगातार प्रयास कर रहा है यदि उक्त भूमि को किसी भी व्यक्ति संस्था या अन्य कोई भी पारिवारिक व्यक्ति खरीदी करता है तो वह झुठा व नाजायज माना जावेगा। उस खरीददार को किसी भी प्रकार से मालिकाना हक एवं कब्जा की प्राप्ति नहीं होगी तथा उक्त भूमि के खरीददार की स्वयं की जवाबदारी होगी।

सो सूचना जाने
प्रदीप कुमार हरवंश अधिवक्ता
निवासी गेम्बोपारा तिलकवार्ड मुंगेली
तहसील वो जिला मुंगेली (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा ग्राम तखतपुर पटवारी हल्का नं. 28 विकासखण्ड तखतपुर जिला बिलासपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 623/1 रकबा 0.4010 हेक्टेयर 99.9 डिसमिल भूमि मालिक शेर सिंह चरनपाल सिंह अमरजीत कौर अमृत कौर पिता कुलदीप सिंह महेन्द्र कौर पति स्व. कुलदीप सिंह सुरजीत सिंह शरणपाल सिंह पिता करताल सिंह के नाम से है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्तर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. के व्यवस्थापक श्री अनिरुद्ध द्विवेदी पिता स्व.श्री भागीरथ द्विवेदी निवास जनकपुर रोड तखतपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्तर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर के विद्यालय भवन हेतु भूमि क्रय किया जा रहा है।

अत: उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना लिखित आपत्ति दिनांक 25.08.2025 से एक सप्ताह के अन्दर व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर उच्तर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर मोबाईल नम्बर 9893826080 के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**व्यवस्थापक**
**सरस्वती शिशु मंदिर उच्तर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर**
**जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अभिलाषा परिसर तिफरा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एच.आई.जी. II-46 (अंबर) मूल आबंटी (संयुक्त नाम) 1. श्रीमती रोजलीन लाल पति श्री विल्सन लाल एवं 2. श्री विल्सन लाल पिता स्व. एम. लाल के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा मण्डल से विक्रय हेतु अनुमति पत्र क्रमांक 2032 दिनांक 18.10.2021 से प्राप्त कर द्वितीय क्रेता को विक्रय कर दिनांक 08.12.2021 को रजिस्ट्री करा दिया गया है, द्वितीय क्रेता द्वारा उक्त भवन को अपने नाम श्रीमती डी. श्रीदेवी पति श्री डी. अनिल कुमार के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

23- AUG- BSP- P-5 ZIN_Layout 1 8/24/2025 12:52 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 24 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# पोला पर की गई बैलों की पूजा, लगाई दौड़

पोला पर्व शनिवार भाद्रपद अमावस्या को उत्साह से मनाया गया। इस दिन घर-घर बैलों की पूजा की गई। छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी-खुरमी के भोग लगाए गए। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में बैल दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें शहर सहित आसपास के किसानों ने सहभागिता निभाई।



## हर्षिता ने बेटी के साथ मनाया पोरा

भाजपा की प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय ने अपनी बेटी उतहर्षिका के साथ छत्तीसगढ़ का परंपरागत पोरा तिहार मनाया। नंदीजी का पूजन कर ठेठरी-खुरमी का भोग लगाया। श्रीमती पांडेय ने कहा कि यह पर्व छत्तीसगढ़ के कृषि समाज की संस्कृति, परंपरा और समृद्धि का प्रतीक है, जो हमें हमारी मिट्टी, बैल-गाय और किसान परंपरा से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के हर घर-परिवार में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनी रहने एवं हमारी भावी पीढ़ी के इस पुरखौती संस्कृति से सदैव जुड़े रहने की कामना की।

## साज सज्जा स्पर्धा में परदेशी प्रथम, द्वितीय अशोक, दौड़ में प्रथम नर्बदा, द्वितीय मझिला

शनिचरी बाजार स्थित लाल बहादुर शास्त्री मैदान में आदर्श युवा मंच द्वारा बैल दौड़, बैल साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव रहे। अन्य अतिथियों में सीएमडी कालेज के चेयरमैन संजय दुबे, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर रामशरण यादव, प्रमोद नायक, राजेन्द्र शुक्ला, अभयनारायण राय , किरण सिंह, सुरेन्द्र कश्यप, राजेंद्र शुक्ल शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्रीवास्तव ने कहा कि आदर्श युवा मंच द्वारा आयोजित बैल दौड़ बैल साज सज्जा एवं बैलों की पूजा केवल मनोरंजन नहीं बल्कि सांस्कृतिक धरोहर है। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ के परम्पराओं को सहेजने का काम कर रही है। गौवंश की रक्षा एवं सेवा के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। कार्यक्रम को संजय दुबे, रामशरण यादव, प्रमोद नायक, अभयनारायण राय ने भी संबोधित किया।



कार्यक्रम के संयोजक आयोजक आदर्श युवा मंच के अध्यक्ष महेश दुबे ने बताया कि आदर्श युवा मंच स्वर्गीय श्रीचंद मनूजा की स्मृति में बैल दौड़ बैल साज सज्जा प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम में नवीन दुबे, अनिल गुलहरे, नीरज सोनी, शैलेंद्र और मालिया तरेंद्र उम्राठे, कृष्ण मुरारी, प्रशांत सिंह, आशुतोष शर्मा, विजय मनुज, राजीव शुक्ला, राकेश, शिवम दुबे, केशव वाजपेई, पार्षद ओम कश्यप आदि मौजूद थे।

**ये रहे विजेता** - साज सज्जा प्रतियोगिता में परदेशी प्रथम, द्वितीय अशोक साहू, तृतीय नर्मदा साहू रहे। दौड़ में प्रथम नर्बदा साहू, दूसरा मझिला, तृतीय अशोक साहू रहे विजेता।

## शास्त्री स्कूल में बैल दौड़, ठेठरी-खुरमी के लगाए भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पोला किसानों द्वारा अपने बैलों के सम्मान में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दिन किसानों ने बैलों को सजा कर उनकी पूजा कर उन्हें भोजन खिलाया। यह त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकता को भी बढ़ावा देता है। ज्योतिषियों के अनुसार इस पर्व का व्यापक महत्व है। यह किसानों के लिए बैलों के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन होता है। बैलों को काम से आराम देकर उनका सम्मान किया जाता है। हिंदू संस्कृति में कई त्योहारों और उत्सवों में पशुओं की पूजा शामिल होती है। बैल पोला उत्सव गायों और बैलों को समर्पित सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है।




### बच्चों ने लिया बैल खेलने का आनंद

पोला के दिन घर-घर पारंपरिक पकवान ठेठरी, खुरमी बना कर बैलों को भोग लगाए गए। पूजा के बाद बच्चे मिट्टी व लकड़ी के बैलों को खेलकर उसका आनंद लिया। किसान खेती-किसानी में काम करने के कारण बैलों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किए।



### समारोह

## महिलाओं का तीज मिलन, स्पेशल गेम में संगीता रहीं प्रथम



**बिलासपुर।** ब्राह्मण समाज की बहनों ने शनिवार को श्री शर्मा के निवास स्थान में तीज मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें सभी बहनों में सोलह श्रृंगार कर तीज की थीम लाल रंग के परिधान में शामिल हुईं एवं समारोह का आनंद लिया। तीज मिलन स्पेशल गेम में प्रथम संगीता शर्मा, द्वितीय अर्चना तिवारी व ज्योति शुक्ला एवं तृतीय स्थान पर प्रतिभा पांडेय रही। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडेय, जिला अध्यक्ष अर्चना तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता शर्मा, जिला प्रभारी नम्रता शर्मा, शारदा तिवारी, निधि तिवारी, सीता तिवारी, कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, पूर्णिमा मिश्रा, ज्योति शुक्ला, माया बाजपेई की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के बाद सभी बहनों ने सामूहिक भोज का लुत्फ उठाया।

### आयोजन

## अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने जरूरतमंद बहनों को बांटी साड़ी



**बिलासपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के बैनर तले इस वर्ष पोला अमावस्या पर मन्नाडोल तिफरा में 50 से अधिक जरूरतमंद बहनों को साड़ी वितरण किया गया। साथ ही समिति की बहनों ने संकल्प लिया कि समाज प्रत्येक त्योहार में साथ मिलकर कुछ नया करेगा। जिससे प्रत्येक वर्ग खुशहाल हो सके। उनका कहना है कि त्यौहार सिर्फ उत्सव मनाने का अवसर ही नहीं बल्कि सेवा और सहयोग का भी संदेश देता है। समिति की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चित्रा तिवारी ने कहा कि दान केवल वस्त्र का नहीं बल्कि आत्मीयता और अपनत्व का होना चाहिए। समाज के वरिष्ठजनों ने भी इसे भाईचारा बढ़ाने वाला काम बताया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रमोद, उर्मिला, राजकुमारी, नेहा, दीप्ति, वीणा, आराधना, शीलम, अनामिका, निर्मला, विनय, प्रभा, गीता का सहयोग रहा।

### बैठक

## ग्राहक पंचायत के पाटिल ने की संगठन विस्तार पर चर्चा



**बिलासपुर।** मध्य क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत विजय पाटिल के शहर प्रवास पर कालकर कुंज स्थित संघ कार्यालय में ग्राहक पंचायत की बैठक रखी गई। इसमें श्री पाटिल ने कार्यकर्ताओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। संगठन विस्तार व महिलाओं की सहभागिता पर प्रकाश डाला। ग्राहक पंचायत से जुड़ने सदस्यता का आव्हान भी किया। नए ऊर्जावान सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की बात कही गई। प्रत्येक माह में सदस्यों को कम से कम एक बैठक करने एवं राष्ट्रीय संगठन के मार्गदर्शन के अनुसार समय-समय पर उसे क्रियान्वयन करने के लिए कहा गया। हर कार्यक्रम की उचित प्रचार प्रसार पर भी जोर दिया गया ताकि लोगों को ग्राहक पंचायत की कार्यशैली की जानकारी हो सके और संगठन से जुड़ने की प्रेरणा मिल सके। वरिष्ठ सदस्यों को संगठन से जुड़कर अपने अनुभव के आधार पर संगठन को और मजबूत करने की बात कही गई।

### पहल

## बच्चों को सोशल मीडिया, मोबाइल हैबिट्स के दुष्परिणाम बताए गए



**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार स्थित मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में ड्रीम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी बिलासपुर ने सोशल मीडिया एंड मोबाइल हैबिट्स से होने वाले दुष्परिणामों एवं लाभ के बारे में बच्चों को बताया गया। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि आज के युग में बच्चे ज्यादातर मोबाइल के आदी हो गए हैं। इसका बहुत ज्यादा दुष्परिणाम सामने आ रहा है। बच्चों को बताया गया कि हर चीज के दो पहलु होते हैं। इसी तरह सोशल मीडिया एवं मोबाइल के दो पहलु हैं। जो बच्चे सोशल मीडिया और मोबाइल के सही उपयोग कर रहे है वे इस चीज के आदी नहीं हो सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या टी पॉल, उप प्राचार्य प्रदीप चौधरी, ड्रीम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दीपक सोढ़ी, सचिव अर्जुन सिंह सहित अन्य सभी सदस्य एवं शालेय स्टाफ उपस्थित रहे।



## भजन संध्या के साथ भादी मावस पर्व का समापन

**बिलासपुर।** गौरव पथ स्थित श्री राणी सती मंदिर परिसर में श्री दादीजी का दो दिवसीय भादी मावस पर्व धूमधाम से मनाया गया। दूसरे दिन समापन पर शनिवार को कोलकाता की सुप्रसिद्ध भजन गायिका निकिता शर्मा ने राणी शक्ति दादी पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। इससे माहौल भक्तिमय बना रहा।

पर्व के पहले दिन शुक्रवार को पुरुलिया की सुप्रसिद्ध कलाकार शीतल कटारुका ने गीत संगीत के साथ मंगल पाठ किया। द्वितीय दिवस भादी मावस के दिन 23 अगस्त शनिवार को भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें कोलकाता की सुप्रसिद्घ भजन गायिका निकिता शर्मा ने राणी शक्ति दादी पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान दादीजी की जात एवं धोक पूजा की गई। सवामणी प्रसाद लगाए गए। कार्यक्रम में लगभग 3 सौ महिला भक्तों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल बृजेश अग्रवाल सहित भक्तजन मौजूद थे।



### मां के आदेश पर ही झुंझुनू में बना है मंदिर

महाभारत के समय जब अभिमन्यु वीरगति को प्राप्त होते हैं, तब उनकी पत्नी उत्तरा अत्यंत दुखी होकर भगवान श्रीकृष्ण के सामने अपने भविष्य की बात पूछती हैं तब श्रीकृष्ण उत्तरा को बताते हैं कि उनका कालांतर में श्री नारायणी के नाम से जन्म होगा और वे लोगों का दुख दूर करेंगी। सभी लोग उनकी राणी शक्ति के नाम से आराधना करेंगे। मां के आदेश पर ही झुंझुनू राजस्थान में मंदिर बनवाया गया है। जहां आराधना कर भक्तजन अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

## भगवान कृष्ण का मना छठी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के छह दिन बाद शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव उत्साह से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने भजन गाकर भगवान को झूले पर बिठा कर झूलाया। अंत में माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया। ब्राह्मण समाज की मीनू दुबे ने बताया कि जिस तरह घरों में शिशु जन्म के छठे दिन 'छठी' का आयोजन होता है, वैसे ही भगवान श्रीकृष्ण की छठी भी इस साल उल्लासपूर्वक मनाई गई। इसे लड्डू गोपाल की छठी भी कहा जाता है। इस दिन मंदिरों और घरों में विशेष पूजा कर भोग लगाया।



ब्राह्मण बहनों ने रामा लाइव सिटी में भगवान कृष्ण की छठी मनाई। इस दौरान बहनों ने भजन-कीर्तन किया। आयोजन में ड्रेस कोड पीला रखा गया था। इस मौके पर मीनू दुबे, शशि तिवारी, प्रेमलता दुबे, साधना, जनक दुलारी, संध्या, चंपा, पारो, प्रियंका, भावना, मोना, सीमा, सोहनी, स्मिता गुप्ता, सोहनी की उपस्थिति रही। अंत में प्रसाद वितरित कर नाश्ते का लुत्फ उठाया गया।

### विप्र फाउंडेशन व मारवाड़ी ब्राह्मण महिला समिति ने कान्हा की छठी मनाई

विप्र फाउंडेशन व मारवाड़ी ब्राह्मण महिला समिति ने कान्हा की छठी मनाई। इस दौरान भगवान को झूले में झूलाते हुए एक से बढ़कर एक भजनों से उन्हें रिझाया गया। आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में कोमल शर्मा, सपना, शिवानी, प्रतिभा, डॉली, अरुणा, निर्मला, प्रिया, शीतल, किरण, रोमा, सुनीता, नेहा, पूनम शर्मा उपस्थित रहीं।

### वेंकटेश मंदिर में आज रहेगी धूम, भगवान राम के बाल रूप की सजेगी झांकी

सदर बाजार स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर में रविवार 24 अगस्त को शाम 5 बजे भगवान श्री बालकृष्ण लाल का छट्ठी महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें भगवान राम के बाल रूप की झांकी सजाकर पूजा की जाएगी। मंदिर समिति की ओर से सपरिवार सम्मिलित होकर भगवान के आनंद उत्सव के सहभागी बनने का आग्रह शहरवासियों से किया गया है।

कार्नर न्यूज

### वैचारिक गोष्ठी में कवियों ने पढ़ी कविताएं

## हरिशंकर परसाई की रचनाएं आज भी प्रासंगिक : सिंह

**बिलासपुर।** प्रगतिशील लेखक संघ एवं प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ख्यातिलब्ध साहित्यकार हरिशंकर परसाई की स्मृति में एक वैचारिक गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता डॉ मुरली मनोहर सिंह ने कहा कि आज यदि श्री परसाई होते तो समय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विसंगतियों को पूरी ताकत के साथ अपने लेखन में शामिल करते। उनकी अनेक रचनाएं आज भी प्रासंगिक है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में इकाई के अध्यक्ष हबीब खान ने गोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए परसाई की साहित्यिक प्रतिभा और उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनका लेखन हमें साहित्य और पत्रकारिता की असली उद्देश्य व्यवस्था से सवाल पूछना और आमजन की आवाज को मजबूती देना सिखाता है। उनके व्यंग्य किसी व्यक्ति पर नहीं व्यवस्था पर केंद्रित था। पत्रकार राजेश अग्रवाल ने कहा कि परसाई को पढ़ते हुए लिखने की प्रेरणा हमने प्राप्त की है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। प्रलेस के प्रांतीय अध्यक्ष पत्रकार नथमल शर्मा ने कहा कि श्री परसाई ने अपना पूरा जीवन सामाजिक बेहतरी के लिए समर्पित कर दिया। वे सच्चे अर्थों में हमारे पुरोधा थे। उनका मानना था कि व्यंग्य के मूल में करुणा होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रलेस बिलासपुर के सचिव अशोक शिरोड़े ने किया।



### भाषिक विश्लेषण है महत्वपूर्ण

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षा विद् डॉ. एम.के. मिश्रा ने परसाई की रचनाओं का विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि श्री परसाई की रचनाओं में भाषिक विश्लेषण बहुत महत्वपूर्ण है। उनका लेखन बहुस्तरीय है। तर्कशीलता उनकी रचनाओं की विशेषता है।

### कवियों ने किया कविता पाठ

कार्यक्रम के दूसरे चरण में आमंत्रित कवियों ने कविता पाठ किया। अशोक शिरोड़े, संगीता तिवारी, अलका राठौर, रईसा बानो, निहारिका तिवारी, आकृति सिंह, नथमल शर्मा, रफीक खान और देवेंद्र गोस्वामी ने अपनी कविताएं पढ़ी। कवि गोष्ठी का संचालन रफीक खान ने किया। डॉ सत्यभामा अवस्थी ने प्रस्तुत कविताओं पर टिप्पणी की। प्रेस क्लब के सचिव दिलीप यादव ने आभार व्यक्त किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेश अग्रवाल, मुस्ताक मकवाना, डॉ. प्रदीप राही, देवेंद्र यादव, अतुल कुमार, संतोष कुमार, पूजा रानी, वंदना, गोकर्ण, गौरव, विशाल, निहारिका, संजय चंदेल, सतीश नारायण, नरेंद्र सिंह, अजय कुमार सहित कवियों, पत्रकारों की उपस्थिति रही।

23 AGUST- BSP-PG-6-0_Layout 1 8/24/2025 1:01 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन में यात्री का मोबाइल लूटा, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चलती ट्रेन में दरवाजे के पास खड़े होकर मोबाइल में बात कर रहे यात्री के हाथ में लाठी मारकर मोबाइल लूटने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, अकलतरा निवासी सतीश रात्रे पिता कैलास रात्रे 20 अगस्त को हसदेव एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सवार होकर अकलतरा जा रहे थे। वे दरवाजे के पास खड़े होकर मोबाइल में बात कर रहे थे। ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। हेमूनगर ओव्हरब्रिज के पास एक युवक ने उनके हाथ में डंडे से हमला कर दिया। जिससे मोबाइल नीचे गिर गया। उसके बाद युवक मोबाइल लेकर फरार हो गया था। शनिवार को पुलिस ने तोरवा अन्नपूर्णा कालोनी निवासी प्रवीण कुमार पिता बरातू यादव 19 साल को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 304, 2 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा सप्लायर तस्कर ओडिशा से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मस्तूरी पुलिस ने ओडिशा में दबिश देकर जिले में बड़ी मात्रा में गांजा सप्लाई करने वाले तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि 1 जुलाई को मस्तूरी पुलिस ने जयरामनगर रलिया मोड़ पर घेराबंदी कर कार सवार पंधी निवासी नीरज वर्मा उर्फ मोनू 20 साल को पकड़कर 20 किलो गांजा बरामद किया था। उससे पूछताछ के बाद गांजा मंगाने वाले गनियारी निवासी विनोद वर्मा को पकड़कर जेल भेज दिया था। विनोद वर्मा से पूछताछ करने पर उसने ओडिशा के तस्कर का नाम खुलासा किया था, जिससे वह गांजा खरीदकर मंगाता था। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने एण्ड टू एण्ड कार्रवाई के लिए ओडिशा में पतासाजी कर गांजा तस्कर आखूजा महानंद को पकड़कर शहर लाया गया। शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बस से कुचलकर बुजुर्ग महिला की मौत

**बिलासपुर।** महाराणाप्रताप चौक पर सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को बेलगाम बस ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बस जब्त कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तिफरा विद्युतनगर निवासी सादिन बाई रात्रे 65 साल अपने बेटी के साथ रहती थी और भीख मांगकर जीवन यापन कर रही थी। शनिवार की शाम 6 बजे वह महाराणाप्रताप चौक पर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान गौवरपथ से तिफरा जाने के लिए ब्रिज की ओर जा रही बस क्रमांक सीजी 10 बीजे, 0993 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बुजुर्ग महिला को चपेट में ले लिया, बस का चक्का चढ़ने से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई और ट्रैफिकजाम हो गया। ड्यूटी तैनात ट्रैफिक के जवानों ने बस सहित ड्राइवर को पकड़ लिया। तत्काल बुजुर्ग महिला का शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। वहीं बस सहित ड्राइवर को सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### थोक व्यापारियों ने छोटे व्यापारी को पीटा

**बिलासपुर।** सामान खरीदना बंद करने पर थोक व्यापारियों ने एक छोटे व्यापारी के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, नीरज मिश्रा व्यापार विहार में पान मशाला की दुकान चलाते हैं। पूर्व में वे व्यापार विहार स्थित थोक पान मशाला दुकान से सामान खरीदते थे। उसके बाद उन्होने वहां से पान मसाला खरीदना बंद कर दूसरे से सस्ते में पान मशाला का सामान खरीदना शुरू कर दिया। जानकारी होने पर शनिवार को थोक व्यापारी संजय आहूजा, योगेश आहूजा, रवि डोडवानी उनके दुकान में जाकर दूसरे से पान मसाला खरीदने पर गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**जांच नहीं होने से अभिभावकों में चिंता** पिछले एक पखवाड़े में ही 10 से अधिक घटनाएं और वारदात हो चुकी हैं

# स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा चिंता का विषय, कई कमेटियां हैं, लेकिन सब कागजों में

**बिलासपुर।** स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा चिंता का विषय बनती जा रही है। जिस तरह स्कूलों में बच्चों के साथ अपराध हो रहे हैं या कोई बड़ी घटना घटित हो रही है, उसने अभिभावकों के साथ ही पूरे समाज को विचार करने पर मजबूर कर दिया है।

बिलासपुर में पिछले एक पखवाड़े में ही 10 से अधिक घटनाएं और वारदात या तो स्कूल में हुई हैं या फिर स्कूल के बाहर। इसमें स्कूली छात्रों पर चाकू से हमला, मारपीट और एक दूसरे पर दबंगई दिखाना शामिल है। जानकारों का कहना है कि स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, बाल आयोग, शिक्षा विभाग द्वारा आदेश व दिशानिर्देश जारी किए जाते रहे हैं, नीति बना ली जाती है लेकिन स्कूलों में ऐसे लागू करना सबसे अहम काम है।




समाजशास्त्री बृजेन्द्र शुक्ला के मुताबिक स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, साथ ही उनकी शिक्षा पर भी असर डालता है। स्कूलों का रवैया कुछ इस प्रकार है कि जब तक स्कूल परिसर में छात्र के साथ कोई जुर्म हो ना जाए, तब तक वो छात्रों की सुरक्षा के बारे में सोचते तक नहीं हैं। नियमानुसार तो हर स्कूल में पाक्सो कमेटी, बुलिंग कमेटी, डिसीप्लिनरी कमेटी, चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी, स्कूल सेफ्टी कमेटी व अन्य कमेटियां होनी चाहिए, यह सब लेकिन कागजों में है। यहां तक कि स्कूल के बाहर एक 'शिकायत पेटी' का भी प्रावधान है, परंतु जैसा कि हमेशा से ही देखा गया है अधिकांश स्कूलों में ये सभी कमेटियां नदारद हैं या फिर केवल कागजों की शोभा बढ़ा रही हैं।

### बस्ते की जांच करने कहा गया है

स्कूलों में इस तरह हो रही घटनाएं चिंताजनक हैं। स्कूल प्रबंधनों को हिदायत दी गई है कि परिसर में प्रवेश से पहले प्रत्येक बच्चे के बैग और बस्ते की जांच की जाए। भारतमाता में हुई घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### इन बातों पर ध्यान देना जरूरी

- स्कूलों में प्रवेश और निकास द्वार पर निगरानी, अजनबियों का प्रवेश प्रतिबंधित करना, और आपातकालीन योजनाएं
- स्कूलों में प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी होने चाहिए जो बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद कर सकें
- बच्चों, शिक्षकों और कर्मचारियों को सुरक्षा खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक करना चाहिए
- स्कूलों की जिम्मेदारी है कि वह छात्रों को सुरक्षित महसूस कराए और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करे
- स्कूलों में आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए जैसे कि नशीली दवाओं का उपयोग और चोरी में सख्त कदम उठाने चाहिए
- यदि स्कूलों में कोई आपराधिक गतिविधि होती है, तो मामले को दबाने की बजाय इसकी तुरंत रिपोर्ट पुलिस में करनी चाहिए
- स्कूलों को माता-पिता और समुदाय के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके

### स्कूलों में सुरक्षा आडिट बहुत जरूरी

सीयू की प्रोफेसर श्रीमती अनुपमा सक्सेना के मुताबिक स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाना, खासकर प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों और खेल के मैदानों में, अपराधों को रोकने और अपराधियों की पहचान करने में मदद कर सकता है। स्कूलों में नियमित रूप से सुरक्षा ऑडिट करना जरूरी है जिससे की यह सुनिश्चित हो सके की सुरक्षा उपाय प्रभावी हैं और किसी भी कमी को दूर किया जा सके। स्कूलों को अपनी साइबर सुरक्षा को मजबूत करना चाहिए, क्योंकि ऑनलाइन अपराध भी बच्चों के लिए खतरा बन सकते हैं। स्कूलों को छात्रों और कर्मचारियों के लिए मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करनी चाहिए, खासकर उन लोगों के लिए जो दुर्व्यवहार या उत्पीड़न का अनुभव करते हैं।

### इन घटनाओं ने चिंतित होने पर मजबूर किया

- तारबाहर क्षेत्र निवासी 11 वीं का छात्र पर चाकू से हमला
- एक अन्य स्कूली छात्र के माफी न मांगने पर चाकू से हमला, इलाज के दौरान मौत
- जन्माष्टमी पर्व पर सरकंडा क्षेत्र के मोपका में मटकी फोड़ने के दौरान युवक पर धारदार हथियार से हमला, कारण स्कूल के बाहर मारपीट



रायपुर रोड पर अतिक्रमण हटाते कर्मचारी।



अवैध रुप से बनाए गए मकान को ढहाता निगम का बुलडोजर।

### अवैध पार्किंग पर खड़े वाहनों को पहुंचाया थाने

# रायपुर रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर रोड पर चकरभाठा में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यहां सड़क किनारे व्यावसाय करने वाले अवैध अतिक्रमण को तोड़ा गया ।

उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार और कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम बिल्हा के मार्गदर्शन में शनिवार को नयापारा चौक बोदरी से चकरभाठा ब्रिज तक एवं रहंगी मोड़ बोदरी से उच्च न्यायालय आवासीय परिसर तक जाने वाली सड़क अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे दोनों तरफ फलों, सब्जी एवं अन्य सामग्री आदि के ठेले, गुमटी, चकरभाठा स्थित दुकानों के दुकानदारों द्वारा सड़क पर पोस्टर एवं शेड तैयार कर सामान बाहर रखकर व्यापार करने वाले अतिक्रमण को हटाया गया। पोस्टर, शेड को नगरपालिका बोदरी के दस्ते द्वारा जब्त की कारवाई की गई । थाना प्रभारी द्वारा चकरभाठा थाने में खड़ा कराया गया। उक्त कार्रवाई सुबह 8 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक की गई। इस कार्रवाई में तहसीलदार बोदरी संदीप साय, नायब तहसीलदार बोदरी ओमप्रकाश चंद्रवंशी, थाना प्रभारी चकरभाठा उत्तम साहू, सीएमओ भारती साहू, राजस्व विभाग के टीम पटवारी , कोटवार आदि उपस्थित रहे।




### तिफरा घुरू में कार्रवाई

# अवैध प्लाटिंग पर फिर चला निगम का बुलडोजर

**रोड, नाला, बाउंड्रीवाल और निर्माणाधीन मकान को तोड़ा गया**

नगर निगम ने एक बार फिर अवैध प्लाटिंग पर बड़ी कार्रवाई की है। शहर के तिफरा, घुरू में बिना अनुमति,ले आउट, डायवर्सन के जमीन को टुकड़ो में बेच रहे चार प्रोजेक्ट पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत इन अवैध प्लाटिंग में बनाए गए सड़क, नाली और बाऊण्ड्रीवाल को जमींदोज कर दिया गया है, इसके अलावा निर्माणाधीन अवैध मकान को भी तोड़ा गया है।

तिफरा में खसरा क्रमांक 142 एवं उसके अन्य भाग में लगभग 2.5 एकड़ में लक्ष्मीनाथ साहू द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसी तरह घुरू में खसरा क्रमांक 607/5 दीपक कुमार कौशिक, खसरा क्रमांक 592/166 लव कुमार, कुश कुमार और खसरा क्रमांक 607/41 में जयप्रकाश द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी,जिस पर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम ने कार्रवाई किया। आज की कार्रवाई में भवन अधिकारी अनुपम तिवारी,जोन कमिश्नर भूपेंद्र उपाध्याय, सब इंजीनियर जुगल सिंह, हितेश मककड़, राघवेंद्रसिंह, रवि नवरंगे समेत राजस्व विभाग का अमला एवं अतिक्रमण की टीम शामिल थी

# तीन चाकूबाज, 6 जुआरी सहित 18 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **सिविल लाइन सीएसपी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई**

लोगों की शिकायतों पर बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने मिनीबस्ती, तालापारा, उसलापुर क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाकर 3 चाकूबाज, 6 जुआरी सहित 18 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अभियान से तीनों क्षेत्रों में हड़कंप मचा हुआ था।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर शुक्रवार की रात सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने लोगों से मिलने वाली शिकायतों के आधार पर जरहाभाठा मिनीबस्ती में दबिश देकर चिन्हांकित बदमाशों के घरों में दबिश दी। जांच के बाद तीन लोगों को पकड़कर उनके पास से चाकू बरामद किया गया है। उसके बाद तालापारा में दबिश देकर जुआ खेलते 6 जुआरियों को पकड़ा गया है। फिर उसलापुर क्षेत्र में दबिश देकर पुड़ियों में गांजा, अवैध शराब बेचने व देर रात तक घूमने वाले बदमाशों को पकड़कर पूछताछ की गई। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।



### पकड़े गए चाकूबाज

- सेवन कुमार पात्रे पिता संतोष कुमार पात्रे 22 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती
- राम जोशी पिता दुकालू जोशी 20 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती
- विशाल डहरिया पिता दिनेश डहरिया 20 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती

तालापारा से पकड़े गए जुआरी

- सलामान खान पिता रफीक खान 30 साल
- अतिक खान पिता रफीक खान 30 साल
- सागर हुमने पिता देवानंद हुमने 23 साल
- सूरज नवरंग पिता पुनीत नवरंग 21 साल
- संजय बघेल पिता राधेश्याम बघेल 19 साल
- त्रिलोक बघेल पिता राधेश्याम बघेल 19 साल



### पकड़े गए संदिग्ध

- पवन निर्मलकर पिता पुसउराम निर्मलकर 38 साल उसलापुर
- परमेश्वर निर्मलकर पिता पुसउराम निर्मलकर 34 साल उसलापुर
- अभिषेक पटेल पिता सीताराम पटेल 40 साल उसलापुर
- ईश्वर दास पिता ईतवारी दास 27 साल अमेरी
- दिनेश गेंदले पिता धनीराम गेंदले 34 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती
- अरविंद यादव पिता अर्जुनराम यादव 20 साल क्रांतिनगर
- आर्यन बरडोले पिता श्याम बरडोले 19 साल तालापारा
- साहिल जिज्ञासी पिता अनुप जिज्ञासी 19 साल सिंधी कालोनी
- अविनाश बोरकर पिता बसंत बोरकर 32 साल मगरपारा

# सब्जी व्यापारी बुजुर्ग चाचा से मारपीट करने वाला आरोपी भतीजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा सब्जी मंडी में सब्जी व्यापारी बुजुर्ग चाचा से मारपीट करने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स निवासी मिश्री लाल कश्यप 70 साल तिफरा सब्जी मंडी में कमीशन एजेंट का काम करते हैं। 21 अगस्त को शाम 5.30 बजे वे अपनी दुकान में बैठे हुए थे। इसी दौरान उनका भतीजा तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स निवासी विमल कश्यप आया और जमीन बेचने की बात को लेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो उन्हें व बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर धक्का देकर जमीन में गिरा दिया, जिससे उनकी दाहिनी कोहनी में चोट आई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर भतीजा के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2, 115, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने हमलावर विमल कश्यप को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से वह जमानत पर रिहा हो गया है।

# चाकू मारकर छात्र की हत्या फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पैर छूकर माफी नहीं मांगने से चाकू मारकर छात्र की हत्या करने के मामले में पुलिस ने फरार एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके पूर्व में 7 आरोपियों को जेल भेजा गया था।

ज्ञात हो कि कस्तूरबानगर निवासी महेश यादव पिता विशाल यादव कक्षा बारहवीं का छात्र था। पूर्व में स्कूल में उनका स्कूल में समीर अंसारी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी बात को लेकर 1 अगस्त को रात करीब 10 बजे उसे समीर अंसारी राजीव गांधी चौक में मिलने बुलाया और पै छूकर माफी मांगने को कहा, महेश यादव ने मना किया तो समीर अंसारी अपने दोस्तों के साथ एक राय होकर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया था। 18 अगस्त को इलाज के दौरान रायपुर में महेश की मौत हो गई थी। शनिवार को पुलिस ने मामले में फरार आरोपी तालापारा निवासी साबिर उर्फ समीर खान पिता साजिद खान 21 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूर्व तालापारा निवासी समीर अंसारी, कृष्णा उपाध्याय, तैय्यब, मो जुनैद, मुस्तकी उर्फ इमू, सैय्यद अहमद उर्फ राजा, अब्दुल नाजिद खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। मर्ग डायरी मिलने के बाद मामले में हत्या के बीएनएस की धारा 103 जोड़ लिया गया है।

# जेल से छूटने के बाद दो दुकानों में की चोरी, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जेल से छुटने के बाद गोंड़पारा के दो दुकान में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

ज्ञात हो कि 19 अगस्त की रात जबड़ापारा निवासी विजय पोपटानी के गोंड़पारा आर्य सामाज भवन स्थित मोबाइल से 9 हजार रुपए व 8 नग चार्जर चोरी हो गया था। उसके बाद 20 अगस्त की रात उनके बगल के चाट भण्डार दुकान में धावा बोलकर चोरों ने गल्ले से 5 हजार रुपए चोरी कर लिया गया था। पुलिस अपराध कायम कर सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो एक युवक संदिग्ध रूप से घूमते नजर आ रहा था। शुक्रवार की रात कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर, गोकुल जांगड़े, रत्नाकर राजपूत पेट्रोलिंग कर रहे थे। पुलिस गाड़ी को देखकर एक युवक भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर हददेव लाल मंदिर के पास रहने वाले रोशन गिरी गोस्वामी पिता राजू गिरी गोस्वामी 19 साल को पकड़ लिया। फुटेज का मिलान करने पर वहीं चोरी करने वाला युवक निकला। कड़ाई बरतने पर उसने दोनों दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। बताया जाता है पूर्व में वह चोरी के मामले में जेल गया था। जमानत में छूटने के बाद फिर से चोरी करने लगा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# विंटर शेड्यूल में मिले हैदराबाद की उड़ान, सरकार करे पहल

**बिलासपुर।** अलायंस एयर को हैदराबाद के लिए रूट मिल चुका है, ऐसे में हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने विंटर शेड्यूल के लिए फ्लाइट की मांग दोहराई है।

समिति ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि विंटर शेड्यूल 28 सितंबर से लागू हो रहा है। अलाइंस एयर एवं विभिन्न अन्य एयरलाइन कंपनियों से तत्काल संपर्क कर इस रूट के लिए फ्लाइट शुरू करने की पहल की जानी चाहिए। एक साल पहले ही स्लॉट मंजूर किया गया है, लेकिन अलायंस एयर की ज्यादातर फ्लाइट मैंटनेंस के कारण चल रही है, ऐसे में कंपनी विमान उपलब्ध नहीं करा पा रही है। ऐसे में सरकारें अन्य कंपनियों से संपर्क साध के विंटर शेड्यल में हैदराबाद की फ्लाइट शुरू करा सकती है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के धरने में शेख अल्फाज, गोपी राव, नारद श्रीवास, डेनियल चौधरी, अशोक भंडारी, शिव मुदलियार, चंद्र प्रकाश जायसवाल, अनिल गुलहरे, चंद्रहास शर्मा और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।




### इन कंपनियों के विमान का परिचालन संभव

इंडिगो के पास 48 एटीआर विमान है ,इसके अलावा स्पाइसजेट के पास 30 विमान हैं। दोनों कंपनियां बिलासपुर के रनवे पर अपनी फ्लाइट लैंड व टेकऑफ करा सकती हैं।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### फॉर्मर आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने एसडीएम का निर्देश




**लोरमी।** एसडीएम मायानंद चंद्रा ने अधिकारियों की बैठक लेकर फॉर्मर आईडी की समीक्षा कर तेजी से फॉर्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एग्रीटेक पोर्टल से फॉर्मर आईडी बनाने के कई लाभ हैं। इस पोर्टल में पंजीयन कर शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना में एग्रीकल्चर कॉलेज, इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड, किसान को क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान किसान सिंचाई विभाग योजना में, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि मशीनरी योजना, मुख्य मंत्री किसान सहायता योजना, एवं केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की विभिन्न कृषि संबंधित योजनाओं बीज उर्वरक मुआवजा और अनुदान के लाभ तथा सहकारी समितियों में धान विक्रय हेतु यह बहुत आवश्यक है। एसडीएम ने किसानों से अपील की है कि, तत्काल फॉर्मर आई डी बनवाएं। फॉर्मर आईडी की निगरानी के लिए तहसीलदार शेखर पटेल, नायब तहसीलदार सीपी सोनी को मानिटरिंग करने निर्देशित किया गया है ।

### गणेश चतुर्थी व ईद मिलादुलन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक



**तखतपुर।** ईद मिलादुलन्नबी एवं गणेश चतुर्थी को लेकर एसडीएम कार्यालय तखतपुर में शांति समिति की बैठक बुलाई गई। क्षेत्र में गणेश स्थापना के दौरान शांतिपूर्वक माहौल कायम रखने के लिए गणेश समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि, गणेश पंडाल में किसी भी तरह की घटना घटित होती है तो, उसकी जवाबदार समिति होगी। इसके आलावा विसर्जन के समय डीजे पर प्रतिबंध लगाया गया है। सा थ सही किसी भी तरह का शोर-शराबा व विवाद होने पर पुलिस विभाग को तत्काल सूचना देने का निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा ईद मिलादुलन्नबी पर मुस्लिम समाज को ईद मिलादुलन्नबी मनाने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम शिव कुमार कंवर, थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल, आतमजीत सिंह मक्कड़, मुन्ना श्रीवास, हरविंदर हुरा, अजय देवांगन, अय्युब अंसारी, इरशाद अंसारी, अभिषेक पांडेय, कादिर खान, साहिल खान, सुनील जांगड़े, अंकित अग्रवाल, नैन लाल साहू, इस्लाम अंसारी, कोमल सिंह, धनंजय सिंह, बबलू गुप्ता, हनी पांडेय, दिनेश पांडेय, योगेश प्रधान, प्रमोद ठाकुर, मंजीत सिंह, अजय यादव आयुष सिंह, शुभम पांडेय एवं सुरेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गौमांस खरीदने वाले 2 अन्य गिरफ्तार

**तखतपुर।** गौमांस बिक्री एवं क्रय करने वाले आरोपीयों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए



अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दिन गौमांस काटने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मिशन कम्पाउंड क्षेत्र में गौहत्या करते हुए दो आरोपी रंगे हाथ पकड़े गए, वहीं जांच के बाद गाय का मांस खरीदने वालों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने जांच में दो और आरोपियों सुनील कुमार टंडन पिता स्व शत्रुहन लाल टंडन उम्र 38 वर्ष ग्राम खुडीयाडीह थाना तखतपुर, भोलू ओगरे उर्फ अभिमन्यु उम्र 40 वर्ष निवासी तखतपुर को गौमांस खरीदने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में अब तक कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,5,6, 10, बीएनएस 299 एवं 3(5) के तहत जेल भेजा जा चुका है।

### गणेश की प्रतिमा को मूर्त रूप देने में जुटे मूर्तिकार



**लोरमी।** पूरे देश में 27 अगस्त को हिन्दू धर्म में सर्व प्रथम पूज्यनीय गणेश चतुर्थी को मूर्ति की स्थापना कर हर घर में 11 दिन तक पूजा-अर्चना की जाती है। इसी क्रम में मूर्तिकार भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमा बनाने एवं पेंट एवं सजावट में जुटे हैं। बढ़ती महंगाई से प्रतिमा की ऊंचाई भी छोटी होती जा रही है, लेकिन आज भी सुसज्जित छोटी मूर्ति से लेकर 12 फिट तक की मूर्तियां अधिक डिमांड में है। गणेश चतुर्थी के लिए क्षेत्र के ग्रमीण से लेकर शहरी क्षेत्र में आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे है। महंगाई के कारण मूर्तियों में लगने वाली समग्रियां अधिक कीमत में उपलब्ध हो रही हैं, जिसके कारण कारीगर मूर्तियों को अधिक कीमत पर बेचने की तैयारी कर रहे हैं। कारीगर लालू, नानू ने बताया कि, बढ़ती महंगाई में इस वर्ष लोग अधिकतम 5 से 10 फिट तक की प्रतिमाएं ही बुक की गई हैं।

## की गई बैलों की पूजा, कई जगहों पर हुई दौड़

# अंचल में पोला का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया



पोला पर मिट्टी के बैलों की पूजा।



भोजली शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भादो मास के कृष्ण पक्ष अमावश्या को अंचल में पोला का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में पोला पर्व की खास धूम देखी गई। कृषक परिवारों के अलावा अन्य घरों में भी छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पकवानों की महक सुबह से ही आनी शुरू हो गई थी। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने जहां नांदिया बैल दौड़ाया तो वहीं बच्चियां मिट्टी की चुकिया, जांता और तरह-तरह के खिलौने पाकर उत्साहित नजर आई।

पोला पर्व के अवसर पर सुबह से ही रौनक नजर आई। घरों में पारंपरिक पकवान चीला, खुरमी, ठेठरी, गुजिया, गुलगुला भजिया, चौसेला की महक सुबह से ही आनी शुरू हो गई थी। कृषकों ने कुल देवी-देवता के साथ ही मिट्टी के बैलों को घर में व्यंजनों का भोग लगाया। जिन परिवारों में पशुधन नहीं हैं, उन्होंने मिट्टी के नांदिया बैल की पूजा-अर्चना कर अच्छी उपज और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चे इस पर्व को लेकर खासे उत्साहित नजर आएं। बच्चों को खेलने के लिए मिट्टी के नांदिया बैल मिला तो वहीं बच्चियों को खेलने के लिए मिट्टी से बने गृहस्थी के सामान जैसे आटा पीसने का चक्की जांता, चुल्हा, चौकी, अनाज रखने का पात्र पोरा आदि मिला। घरों-घर ठेठरी, खुर्मी, गुजिया, सलौनी आदि व्यंजन तैयार होते रहे। पोला पर्व आते ही तीजा मनाने के लिए महिलाओं का मायका आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। बसों में भीड़ देखी जा रही है।

### पोला पर निकली गई भोजली शोभायात्रा

**मल्हार।** पोला के पावन अवसर पर मल्हार मे भव्य शोभायात्रा निकाल कर छोटे खैया तालाब मे परंपरानुसार भोजली का विसर्जन किया गया। अष्टमी के दिन ढभहापारा पीपल चौक में भोजली की स्थापना की गई थी, एक सप्ताह भोजली की सेवा करने के बाद छत्तीसगढ़ी परंपरानुसार पोला के दिन बाजे-गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भोजली शोभायात्रा का जगह-जगह पूजन कर स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त, भाजपा मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, सभापति मिलूराम कैवर्त, सभापति आशुतोष वर्मा, पार्षद मिथुन यादव, प्रमोद थवाईत, रामनिवास कैवर्त, रामधन कैवर्त ने मेला चौक के पास भोजली की पूजा-अर्चना कर नगर में सुख समृद्धि की कामना की। भोजली को छोटे खैइया तालाब शिवघाट में परंपरागत भोजली गीत गाकर विर्सजित किया गया। छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा को ध्यान में रखते हुए ढभहापारा की मातृशक्ति द्वारा गढंचौक में सुवा गीत गाकर सुवा नृत्य कर गेढ़ी से पोला तोड़ा गया।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे अधिकारी-कर्मचारी।

### मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम सौंपा गया 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**मरवाही।** प्रांतीय निकाय के आह्वान पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की मरवाही ईकाई ने कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कमाल खान एवं तहसील संयोजक इंद्रपाल चंद्रा, मोहन राम मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि, काम बंद- कलम बंद आंदोलन के तहत शनिवार को सामूहिक अवकाश लेकर अनुभाग स्तर पर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया गया, और मोदी की गारंटी लागू करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि, सरकार द्वारा अनिर्णय की स्थिति में फेडरेशन अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर नीरज राय, डीएस चंद्रा, उषा पवार, विद्या पवार, अनीस राय, जीवन यादव, विनय जोशी, केशव कौशिक, हरी बाबू, हर नारायण साहू, एसएल कुर्रे, राजकुमार गुप्ता, राम बिहारी सोनी, केएल गुप्ता, उमेश भोई, सुकुल यादव, दिलीप राय, राजेश महंत, अनिल राय, अनिल यादव, मोतीलाल चौधरी, चंद्रभान पवन, समय लाल कृपाल, छोटे लाल उदय, राजेश राय सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल में नशामुक्ति पर कार्यशाला

**लोरमी।** नशामुक्त अभियान के तहत औषधि निरीक्षक रतनेश बरगाह, लोरमी ब्लॉक अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, प्राचार्य अरुण जायसवाल की उपस्थिति में स्वामी आत्मानंद उमा शाला लोरमी में कार्यशाला अयोजित कर कक्षा 12वीं के छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। औषधि निरीक्षक रत्नेश बारगाह ने छात्रों से नशा से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि, नशा ही नाश की जड़ हैं। आज कल के युवा नशे में कई तरह के अपराधिक मामलों में शामिल हो जाते हैं।

### रजत जयंती वर्ष के तहत लगाया गया मेगा हेल्थ कैम्प



**मुंगेली।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन में रजत जयंती वर्ष अंतर्गत मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में गर्भवती, शिशुवती महिलाओं, बच्चों एवं उपस्थित हितग्राहियों तथा परियोजना अधिकारी मुंगेली 01 एवं 02 एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों के साथ-साथ लगभग 135 महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराया गया। जांच उपरांत सभी को निःशुल्क दवाई वितरण किया गया तथा स्वास्थ्य संबंधी एवं बाल विवाह मुक्त मुंगेली का शपथ दिलाई गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी राजेन्द्र गेंदले, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभम पाण्डेय और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरपंच का फरमान, टैग लगे मवेशी सड़क पर दिखे तो 10 हजार जुर्माना

**जरहागांव।** आवारा मवेशियों का प्रभाव केवल सड़क तक सीमित नहीं है, अपितु खेतों में भी उनके झुंड नजर आ रहे हैं। एक तरफ मवेशी पालक अपनी जिम्मेदारी से पीछे हो रहे हैं, दूसरी तरफ शासन-प्रशासन द्वारा मवेशियों पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों को मवेशी मुक्त सड़क बनाने निर्देशित किया गया।

दशरंगपुर सरपंच लक्ष्मी चंद मोहले ने पंचायत की ओर से एक फरमान जारी किया है, जिसमें तहत मवेशियों पर टैग लगवाना अनिवार्य है। यदि टैग लगा



मवेशी बाहर आवारा घूमते नजर आए तो मवेशी पालकों को 10 हजार का जुर्माना भरना होगा। यदि बिना टैग मवेशी घूमते नजर आए, और आवारा पशुओं को खुला छोड़ा गया तो, नियम का उल्लंघन करने वाले पालकों को पंचायत द्वारा निर्णय लेकर दंडित किया जाएगा।

#### सड़कों पर रहता है जमावड़ा

गांव की सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा होने के साथ किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है। मवेशियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने हेतु टैग नहीं लगवाने वाले पशु पलकों को 10 हजार जुर्माने का प्रावधान रखा गया है, ताकि लोगों में कसावट लाई जा सके।

**- लक्ष्मीचन्द मोहले**, सरपंच दशरंगपुर

### ग्राम पंचायत झिरिया सचिव निलंबित

**लोरमी।** जिला पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने ग्राम पंचायत झिरिया के सचिव तातूराम कौशिक पर निलंबन की कार्रवाई की है। कलेक्टर कुंदन कुमार के पीएम जनमन के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में विशेष रूप से प्रगति लाने के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ ने पीएम आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की, जिसमें ग्राम पंचायत झरिया की प्रगति कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। जानकारी मिली कि, झिरिया के सचिव पीएम आवास के कार्यों में लापरवाही, कार्य में रुचि नहीं लिया गया तथा उच्च अधिकारियों के आदेशों की लगातार अवहेलना की गई। उक्त कृत्य के फलस्वरुप छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन एवं अपील नियम के अंतर्गत झिरिया सचिव कौशिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। डिंडोरी सचिव कुशराम पटेल को झिरिया सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निलंबन अवधि में श्री कौशिक का मुख्यालय जनपद पंचायत लोरमी निर्धारित किया गया है। इस दौरान उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## भारत विकास परिषद ने आयोजित किया गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

**पेंड्रा।** भारत विकास परिषद इकाई पेंड्रा के तत्वाधान में गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन का कार्यक्रम डीएवी हायर सेकेंडरी स्कूल कुड़कई में आयोजित किया गया। संस्कार प्रमुख मनीराम ने परिषद एवं सदस्यों का संक्षिप्त परिचय देते हुए मंच संचालन किया।




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

परिषद के अध्यक्ष मोहिनी शंकर तिवारी ने भारत विकास परिषद उद्देश्य एवं परिषद का समर्थ भारत निर्माण में योगदान के बारे में बताया गया। इसके बाद संस्कार उपाध्यक्ष ने गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन जैसे अपनी भारतीय परंपरा में गुरु और शिष्य की पवित्र परंपरा को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष निर्माण जायसवाल ने गुरु-शिष्य के पवित्र प्रेम संबंध का विस्तार से वर्णन किया। बच्चों ने अपने गुरुजनों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल देकर वंदना की एवं गुरुओं ने बच्चों को आशीर्वचन देकर उनका अभिनंदन किया। शाला प्राचार्य कोमल ओझा ने गुरु शिष्य परंपरा के महत्व को बताया गया एवं इकाई के इस महत्वपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए भारत विकास परिषद की कार्य कुशलता की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष मोहनी शंकर तिवारी, सचिव समयलाल मिश्रा, संस्कार प्रमुख मनीराम जी कीर्ति कश्यप, प्रकाश राय,निर्माण जयसवाल, अमरीश तिवारी ,नाथू प्रसाद गुप्ता, बीपी सिंह जी, ध्रुव कुमार, प्रिया हरीश त्रिवेदी, एम मरावी, रंजना मधुर तिवारी, अंबिका मिश्रा, अरुण, अतुल तिवारी के साथ स्कूल के सम्मानित प्राचार्य, 23 शिक्षक एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पट्टे पर तालाब देने आवेदन आमंत्रित

**तखतपु।** जपं तखतपुर के अधीनस्थ तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर छत्तीसगढ़ राज्य की नवीन मछली पालन नीति 2022 के अनुसार आबंटित किया जाना है। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले खम्हरिया टारबांध (पेंड्री रोड) खम्हरिया, नगोई जलाशय नगोई, अमहा तालाब बोड़सरा, भरारी बांध भरारी, लाखासार जलाशय लाखासार, देव बांधा जलाशय बंधियापार खजुरीनवागांव, जगदेव मुड़ा जलाशय गमजू, अघरिया (ग्रामीण) जलाशय बरगन जूनापारा, महदेवा जलाशय चनाडोंगरी, भरनी टेंक भरनी को 10 वर्ष के पट्टे पर दिया जाना है। इसके लिए स्थानीय लोगों एवं समूहों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि पेपर में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर तक कार्यालयीन समय में जनपद पंचायत तखतपुर में जमा किया जाएगा, उक्त जानकारी जनपद पंचायत सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने दी ।

## मेडलिपर पोर्टल के माध्यम से शीघ्रता से मिलेगी रिपोर्ट

**मुंगेली।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा जिला अस्पताल में समीक्षा बैठक में सीसीटीएनएस पोर्टल के तहत मेडलिपर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिले में मेडलिपर पोर्टल पर एक क्लिक पर ऑनलाइन पोस्टमार्टम एवं मेडिको लीगल रिपोर्ट एमएलएसी उपलब्ध होगी। पुलिस को सीसीटीएनस के मेडलिपर पोर्टल के माध्यम से पुलिस को तत्काल ऑनलाइन पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मेडिको लीगल रिपोर्ट (एमएलएसी) बड़ी राहत मिलेगा।




कार्यशाला में एसपी एवं चिकित्सक।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि नए कानून लागू होने के पश्चात सीसीटीएन पोर्टल में मेडलिपर पोर्टल के माध्यम से पोस्टमार्टम एवं मेडिको लीगल रिपोर्ट हेतु ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु विकल्प दिया गया है, पोर्टल में पोस्टमार्टम और रिपोर्ट शीघ्रता से प्राप्त होगी और साथ ही पठनीय भी होगी पोर्टल के अभाव में पोस्टमार्टम होने पश्चात पुलिस को रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए समय लगता था और विवेचना मे विलंब होता था, इस समस्या का निदान करने के लिए शासन के निर्देश पर अस्पतालो मे त्वरित और कुशल तरीके से मेडिको लीगल सर्टिफिकेट एमएलएसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पीएम रिपोर्ट जारी करने के लिये मेडलिपर पोर्टल को पुलिस के सीसीटीएनएस पोर्टल से जोड़ दिया गया। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा समीक्षा किए जाने पर आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए डॉक्टरों की टीम एवं सीसीटीएनएस मे कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों का मेडलिपर पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला अस्पताल मुंगेली में किया गया। कार्यशाला मे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी व पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं स्वास्थ्य विभाग से सिविल सर्जन डॉ. एमके राय, आरएमओ संदीप पाटिल एवं डॉक्टरों की टीम उपस्थित रहे।

## कलेक्टर से मिले वायुसेना के अधिकारी

# अग्निवीर भर्ती के लिए ओडिशा के बरिपाडा में होगी रैली

**मुंगेली।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ओडिशा के बरिपाडा में रैली का आयोजन किया जाएगा। पुरूष अभ्यर्थियों के लिए 27 अगस्त और महिला अभ्यर्थियों के लिए 02 सितम्बर को रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में शामिल होने के लिए आवेदकों की उम्र 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच होना चाहिए। उक्त तिथि में प्रवेश का समय प्रातः 6 से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।




कलेक्टर से मुलाकात करते वायु सेना के अधिकारी।

इसी तरह मेडिकल असिस्टेंट के पद पर भर्ती के लिए वायु सेवा स्टेशन बैरकपुर पश्चिम बंगाल में रैली का आयोजन किया जाएगा। कक्षा 12वीं में बायोलॉजी विषय के आवेदकों के लिए 30 अगस्त और डिप्लोमा बीएससी फार्मेसी के आवेदन के लिए 02 सितंबर को रैली का आयोजन किया जाएगा। बायोलॉजी विषय के आवेदकों की जन्म तिथि 01 जनवरी 2005 से 01 जनवरी 2009 के बीच तथा डिप्लोमा बीएससी फार्मेसी के विवाहित आवेदकों की जन्मतिथि 01 जनवरी 2002 से 01 जनवरी 2005 और अविवाहित अभ्यर्थियों के लिए 01 जनवरी 2002 से 01 जनवरी 2007 के बीच होना चाहिए। वायु सेना के सार्जेंट यू संतोष एवं राजू राजपूत ने जिला कलेक्टोरेट में कलेक्टर कुन्दन कुमार से मुलाकात की और जिले से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अग्नि वीर बनने के लिए प्रेरित करने आग्रह किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय और एपीओ रामनाथ गुप्ता भी मौजूद रहे। वायु सेवा के अधिकारियों ने जिले के विभिन्न महाविद्यालयों, बीआरसाव स्कूल, जिला ग्रंथालय में छात्र-छात्राओं को अग्निवीर बनने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि अग्निवीर बनने के लिए छात्र-छात्राओं की ऊंचाई 152 सेंटीमीटर होना अनिवार्य है। भर्ती हेतु 12वीं पास किसी भी संकाय का विद्यार्थी भाग ले सकता है। भर्ती के लिए विभिन्न राज्यों में शिविर लगाए जाते हैं तथा हर 06 माह में ऑनलाइन आवेदन कर भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। भर्ती के लिए लिखित परीक्षा पास करना होता है, फिजिकल टेस्ट होता है, दौड़ 1.6 किलोमीटर लड़कों के लिए 07 मिनट में लड़कियों के लिए 08 मिनट में तत्पश्चात पुशअप, सिटअप भी कराया जाता है। एक इंटरव्यू किया जाता है, शारीरिक परीक्षण किया जाता है, शरीर में किसी भी प्रकार का टैटू होने से अनफिट माना जाता है भर्ती हेतु कक्षा 12वीं में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है साथ ही अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता है।

### न्यायालय परिसर में खुला पालना घर




**मुंगेली।** कामकाजी महिलाओं को कार्य के दौरान बच्चों की देखभाल में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला न्यायालय परिसर में पालना घर किलकारी कक्ष की शुरुआत की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने विधिवत इसका उद्घाटन किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेन्द्र गेंदले ने बताया कि पालना घर का संचालन आदर्श रूप में 25 बच्चों के लिए किया जाएगा। यह प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित रहेगा, जिसमें कामकाजी महिलाओं के 6 वर्ष तक के बच्चों को रखा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पालना घर समीप के आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ा रहेगा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को क्रेश की मॉनिटरिंग एवं मेंटर के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। बच्चों को दिन में तीन बार पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा और स्वास्थ्य जांच की नियमित व्यवस्था भी रहेगी। उद्घाटन अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक उमा तिवारी, पूजा देवांगन सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।